हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 18 सितंबर 2026

CREDAI

CELEBRATES

RAIPUR

PRESENTED BY

SAMBHV® STEEL PIPES & TUBES | दम दमभव है

POWERED BY

SRVs SOLAR

GRAND INAUGURAL

CEREMONY

CREDAI CHHATTISGARH

PROPERTY EXPO 26

18 19 20 SEPTEMBER 2026

50% OFF

On Registration Charges & Stamp Duty

Chief Guest



SHRI RAJESH MUNAT

MLA Raipur West
& Former Cabinet Minister Government Of Chhattisgarh

Special Guest



SHRI SUNIL SONI

MLA Raipur South
& Former Member of Parliament



SHRI MOTILAL SAHU

MLA Raipur Gramin



SMT MEENAL CHOUBEY

Mayor of Raipur

18th September

Indoor Stadium
Budha Talab, Raipur

89298-83404

avinash a relation for life · wallfort Building Homes · ANANDAM Raipur · VARDHHMAN · AARTI GROUP MAKING LIFE BETTER · Raheja Group · SRISHTI 25 YEARS OF TRUST · RAJAT BUILDTECH · VGR REAL ESTATE Building Happiness · ASHTVINAYAKA REALTIES

RCP INFRATECH PVT. LTD. · PIONEER HOMES Quality with Responsibility · SINGHANIA BUILDCON GROUP Building lifestyle since 1993 · SHRI SWASTIK GROUP · WOODS VILLE YOUR GREEN HABITAT · OM Exotica · RISHABH BUILDERS Building your Dreams · BHARDWAJ real for everyone · CLASSIC GROUP LIFESTYLE MATTERS · CHAITANYA GROUP

KRISHNA · VB VB TOWER · SAMRIDDHI ATLANTIS · TRU DEVELOPERS · MRB MONIKA REAL BUILDCON PVT LTD. · VEDANTA VIHAR · Mosh Varaya INFRASTRUCTURE LTD. · CG RERA

Impsa

‘देश-दुनिया के ग्राहकों तक पहुंचने लगी भारत के प्लांट्स से निकलने वाली चिप्स’

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत सेमीकंडक्टर क्षेत्र में चिप डिजाइन से लेकर कमर्शियल प्रोडक्शन तक पहुंच गया है। सेमीकॉन इंडिया के पांचवें संस्करण के उद्घाटन समारोह में उन्होंने कहा कि 2022 में शुरू हुई इस यात्रा में पहले नीति, फिर परियोजनाओं, पायलट लाइनों और टेस्ट चिप्स से जुड़े चरण आए और अब भारत के प्लांट्स से चिप्स देश और दुनिया के ग्राहकों तक पहुंचने लगी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मोहाली और सूरत में दो और प्लांट्स में कमर्शियल प्रोडक्शन शुरू हो रहा है। उन्होंने सेमीकंडक्टर मिशन के दूसरे चरण, सप्लाई चेन, फैबलेस कंपनियों, आरएंडडी, कुशल युवाओं और ऊर्जा सुरक्षा को भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम के विस्तार के लिए अहम बताया।

सेमीकंडक्टर में चिप डिजाइन से कमर्शियल प्रोडक्शन तक पहुंचा भारत

विदेशों से आए प्रतिनिधि

प्रधानमंत्री ने केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और जितिन प्रसाद, इंडस्ट्री लीडर्स, सीईओ, डेलिगेट्स और देशभर के विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों से जुड़े युवाओं का स्वागत किया। उन्होंने विदेश से आए प्रतिनिधियों का भी भारत में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सेमीकॉन इंडिया का यह पांचवां संस्करण है और हर वर्ष इसके साथ चर्चा का दायरा आगे बढ़ा है।



नीति से कमर्शियल प्रोडक्शन तक पहुंचा भारत

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 2022 में सेमीकॉन इंडिया के पहले संस्करण के समय चर्चा का केंद्र नीतियां थीं। इसके बाद परियोजनाओं, फाइलों पर हस्ताक्षर और शिलान्यास से जुड़े चरण आए। पिछले वर्ष पायलट लाइनों और टेस्ट चिप्स पर चर्चा हुई और अब भारत कमर्शियल प्रोडक्शन के चरण में पहुंच चुका है।

चिप इकोसिस्टम के सभी हिस्सों पर एक साथ काम : पीएम मोदी ने कहा कि सेमीकंडक्टर सेक्टर में तकनीकी क्षमताएं तैयार करने में दशकों लगते हैं।

दूसरे चरण में 13.5 बिलियन डॉलर का मिशन

प्रधानमंत्री ने सेमीकंडक्टर मिशन के दूसरे चरण की शुरुआत का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले चरण का आकार करीब 8 बिलियन डॉलर था, जबकि दूसरे चरण के लिए 13.5 बिलियन डॉलर तक का प्रावधान तय किया गया है। इस क्षेत्र में और सुधार किए गए हैं और अब अंतरराष्ट्रीय कंपनियां भारतीय स्टार्टअप्स, भारतीय डिजाइन कंपनियों और ओसीआई-स्वामित्व वाली कंपनियों के साथ सहयोग कर सकती हैं।

फैबलेस कंपनियों और आईपी निर्माण पर जोर

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार का प्रयास भारत में फैबलेस कंपनियों की वृद्धि और देश में ही इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी के निर्माण को बढ़ावा देना है।

एक लाख इंजीनियरिंग छात्रों की स्किलिंग का लक्ष्य

पीएम मोदी ने कहा कि चिप डिजाइनिंग के लिए बड़े पैमाने पर स्किलिंग का काम चल रहा है। सरकार ने एक लाख इंजीनियरिंग छात्रों को सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री के लिए प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा है और अब तक 70 हजार से अधिक युवाओं को ट्रेनिंग दी जा चुकी है।

एआई के दौर में एनर्जी सिक्योरिटी अहम : प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एआई चिप्स का इस्तेमाल एआई डेटा सेंटर्स में हो रहा है, जहां हजारों हाई-परफॉर्मेंस प्रोसेसर एक साथ काम करते हैं। एआई के विस्तार के साथ कंप्यूटिंग पावर की मांग बढ़ेगी और इसके साथ बिजली की जरूरत भी बढ़ेगी।

भड़के सुप्रीम कोर्ट ने कहा- क्यों नहीं उठाए गए ठोस कदम

राहत कैंप में 25 संदिग्ध मौत मणिपुर सरकार को फटकार

सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर के राहत कैंपों में कथित अप्राकृतिक मौतों और यौन उत्पीड़न के मामलों पर चिंता जताते हुए राज्य सरकार को फटकार लगाई है। शीर्ष कोर्ट ने मणिपुर के मुख्य सचिव को सभी 25 संदिग्ध मौतों पर एक विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया है, जिसमें पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मौत के कारणों से जुड़े दस्तावेज शामिल हों।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नई दिल्ली। चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची और वी. मोहना की बेंच ने राज्य के शीर्ष अधिकारी को चेतावनी देते हुए पूछा कि जस्टिस गीता मित्तल कमेटी द्वारा दी गई जानकारी पर कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठाए गए। बेंच ने आदेश में कहा, ‘हम मणिपुर के मुख्य सचिव को निर्देश देते हैं कि वे मणिपुर के राहत कैंपों में हुई मौतों, खासकर असामान्य मौतों, पर एक हलफनामा दाखिल करें।’ साथ ही, बेंच ने यह भी पूछा कि मौत के 34 मामलों में से केवल 20 मामलों में ही पोस्टमार्टम क्यों कराए गए।

बेंच ने कहा, ‘राज्य को यह भी बताना होगा कि राहत कैंपों में शरण लेने वाले जिन विस्थापित लोगों की असामान्य मौतें हुईं, उन्हें मुआवजे के तौर पर केवल 20 से 30 हजार रुपये ही क्यों दिए गए।’ कोर्ट ने मणिपुर राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण (एमएसएलएसए) को भी इस मुद्दे पर एक अलग स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। सीजेआई ने एमएसएलएसए से कहा कि वह यह सुनिश्चित करे कि असामान्य मौत के सभी मामलों में एफआईआर दर्ज की जाएं। बेंच ने एमएसएलएसए से यह भी कहा कि वह देखे कि एफआईआर की जांच तेजी से हो और राहत कैंपों में रह रहे विस्थापित लोगों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित किया जाए।

मुआवजा और पोस्टमार्टम को लेकर भी उठाए सवाल



मणिपुर में आरक्षण के आदेश से भड़की थी जातीय हिंसा

मणिपुर में मुख्य विवाद मैतेई और कुकी समुदायों के बीच है। अप्रैल 2023 में मणिपुर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मांग पर विचार करने को कहा था। कुकी और नगा इसका विरोध कर रहे थे। उन्हें डर था कि अगर मैतेई को एसटी का दर्जा मिला तो आरक्षण में उनकी हिस्सेदारी प्रभावित हो सकती है। 3 मई 2023 को कुकी और दूसरे आदिवासी संगठनों ने आदिवासी एकजुटता मार्च निकाला। इसी दौरान तनाव बढ़ा और कई जगह हिंसा शुरू हो गई। इसके बाद घर, गांव और धार्मिक स्थलों पर हमले और आगजनी हुई और हिंसा तेजी से दूसरे इलाकों में फैल गई।

30 से ज्यादा मौतों का दावा

यह आदेश बेंच ने जस्टिस मित्तल कमेटी और एक आईएएस अधिकारी की रिपोर्ट देखने के बाद दिया। इन रिपोर्टों में बताया गया था कि मणिपुर के राहत कैंपों में 30 से ज़्यादा मौतें हुई हैं और एक मौत कथित यौन उत्पीड़न के बाद हुई थी। इसके अलावा, बेंच ने उम्मीद जताई कि मणिपुर में 2023 की हिंसा से जुड़े सीबीआई और एनआईए के मामलों की सुनवाई के लिए बनाई गई दो विशेष ट्रायल कोर्ट तेजी से अपना ट्रायल पूरा करेंगी। रिपोर्टों का जिक्र करते हुए बेंच ने कहा कि मामलों की जानकारी कानूनी सेवा वकील को दे दी गई है और पीड़ित याचिकाकर्ता अपने मामलों को आगे बढ़ाने के लिए इनका इस्तेमाल कर सकते हैं। कोर्ट ने यह भी नोट किया कि ये जानकारियां राज्य सरकार और पूर्व **IPS** अधिकारी दत्तात्रेय पडसलगीकर ने दी थीं, जो मणिपुर हिंसा की सीबीआई जांच की निगरानी कर रहे हैं। सीबीआई और राज्य सरकार की ओर से पेश हुई एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने 31 मामलों की जांच की है और 28 मामलों में फाइनल रिपोर्ट दाखिल की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि सीबीआई के तीन मामलों की जांच अभी भी चल रही है। इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर और असम सरकारों और अन्य लोगों से कहा था कि वे मणिपुर में 2023 की जातीय हिंसा से जुड़े सीबीआई और एनआईए के मामलों की विशेष रूप से सुनवाई के लिए दो विशेष ट्रायल कोर्ट बनाने पर विचार करें। मणिपुर में जातीय हिंसा 3 मई, 2023 को शुरू हुई थी।

अबूधाबी में होगा अगला आईफा अवार्ड समारोह

मुंबई। इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी (आईआईएफए) अवॉर्ड्स का 27वां संस्करण 22-23 जनवरी 2027 को अबू धाबी में होगा। सलमान खान, करीना कपूर खान और शाहिद कपूर समेत कई सितारे इसमें शामिल होंगे। करण जौहर, वरुण धवन, जाह्नवी कपूर, पंकज त्रिपाठी और अली फजल भी कार्यक्रम का हिस्सा होंगे। दो दिन के इस इवेंट में कलाकार, फिल्ममेकर और म्यूजिक आर्टिस्ट शामिल होंगे।



राज्य सरकार भाषा पर अपनी सोच बदले, तमिलनाडु में नहीं रोक सकते हिंदी पढ़ाने से

सुप्रीम कोर्ट बोला- दिल्ली से अलग-थलग नहीं है चेन्नई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को विजय सरकार को लेकर तल्ख टिप्पणी की। शीर्ष अदालत ने कहा कि तमिलनाडु सरकार को राज्य के स्कूलों में हिंदी पढ़ाने के प्रति अपनी मानसिकता (सोच) बदलने की जरूरत है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और ए.जी. मसीह की पीठ ने तमिलनाडु में नवोदय स्कूलों की स्थापना से संबंधित एक मामले की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की।

नवोदय विद्यालय केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित, सह-शिक्षा और आवासीय स्कूल हैं। इनका संचालन केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अधीन नवोदय विद्यालय समिति करती है। तमिलनाडु में इन स्कूलों की स्थापना का राज्य सरकार लगातार विरोध करती रही है। तमिलनाडु सरकार की प्रमुख आपत्तियों में से एक इन स्कूलों में लागू तीन-भाषा नीति है, जिसमें हिंदी भी शामिल है।

मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती

सुप्रीम कोर्ट तमिलनाडु सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें मद्रास हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी गई है, जिसमें राज्य के हर जिले में नवोदय विद्यालय स्थापित करने का निर्देश दिया गया था। मद्रास हाईकोर्ट ने कहा था कि नवोदय विद्यालय तमिलनाडु तमिल लर्निंग एक्ट का उल्लंघन नहीं करते हैं। कोर्ट ने यह भी कहा था कि ऐसे स्कूल स्थापित करने से राज्य सरकार का ब्लैंकेट रिफ्यूजल यानी पूरी तरह इनकार, छात्रों के अपनी पसंद के शिक्षण संस्थान चुनने के अधिकार को सीमित करता है।

अमेरिका ने हूती लड़ाकों से कर ली सीक्रेट डील

लाल सागर में फंसा सऊदी अरब

एजेंसी ▶▶| रियाद

सऊदी अरब और हूती लड़ाकों के बीच चल रही लड़ाई में नया अपडेट सामने आया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 3 दिन पहले वाशिंगटन के डिप्लोमेट्स और हूती के शीर्ष नेताओं के बीच एक सीक्रेट मीटिंग हुई। इस मीटिंग में दोनों के बीच नए सिरे से डील की खबर सामने आई है। इस डील की खबर ने रियाद की टेंशन बढ़ा दी है। द गार्जियन के मुताबिक अमेरिका और हूती ने 2025 के डील को रिन्यू किया है। हूती के लड़ाकों ने वाशिंगटन को भरोसा दिया है कि लाल सागर में उसके जहाजों को निशाना नहीं बनाया जाएगा, जिसके बाद अमेरिका ने यमन में सऊदी को समर्थन न देने का फैसला किया है।



सऊदी ने मांगी थी अमेरिका से मदद

पिछले दिनों सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर मदद मांगी थी, लेकिन ट्रंप ने उन्हें कोई ठोस भरोसा नहीं दिया। इसके बाद अब जिस तरीके से यह खबर बाहर आई है, उसने रियाद की टेंशन बढ़ सकती है। सऊदी को अब तक पाकिस्तान, तुर्की और अमेरिका जैसे देश से कोई मदद नहीं मिली है।

अमेरिका की रणनीति

ड़ाकों को खत्म करने के लिए यमन पर काफी बमबारी की। इसके बावजूद अमेरिका को सफलता नहीं मिली। आखिर में अमेरिका ने हूती विद्रोहियों से समझौता कर लिया। अमेरिका इस वक्त ईरान युद्ध में फंसा है, जिसके कारण होर्मुज से उसकी सप्लाई ठप है। अमेरिका अगर हूती विद्रोहियों से लड़ता है तो लाल सागर में भी उसकी मुसीबत बढ़ सकती है। इसके अलावा हूती से लड़ने के लिए और अधिक खर्च करने होंगे। इस वक्त वाशिंगटन इस स्थिति में नहीं है।

अखबारों में विज्ञापन देकर माफी मांगने कहा

दिशा के पिता ने आदित्य को भेजा 500 करोड़ का मानहानि नोटिस

एजेंसी ▶▶| मुंबई

फिल्म मैनेजर दिशा सालियान की मौत एक गुत्थी बन गई है। दिशा की मौत के केस में कई बड़े-बड़े नाम सामने आए हैं। अब दिशा के पिता सतीश सालियन ने मानहानि नोटिस भेजकर आदित्य ठाकरे और महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख को माफी मांगने, बयान वापस लेने और 500 करोड़ का हर्जाना देने की मांग की है। इसके लिए सात दिन का समय दिया गया है। हाल ही में सीबीआई ने सतीश सालियान की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया था। नोटिस में कहा गया है कि आदित्य ठाकरे और अनिल देशमुख ने सतीश सालियान के बयानों और कानूनी कार्रवाई को लेकर झूठे, दुर्भावनापूर्ण और मानहानिकारक आरोप लगाए।



दिशा के पिता की मांग

दिशा के पिता सतीश का कहना है कि उनकी बेटी की मौत की स्वतंत्र जांच की मांग को राजनीतिक मकसद से प्रेरित बताया गया। साथ ही यह भी कहा गया कि सीबीआई पहले ही दिशा सालियान मामले की जांच कर चुकी है और उन्हें क्लीन चिट दे चुकी है। नोटिस में कहा गया है कि आदित्यठाकरे ने इस मामले की सुनवाई में हस्तक्षेप किया। उन्होंने केवल कानूनी पहलुओं पर सवाल नहीं उठाए, बल्कि सतीश की नीयत और उनकी विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने सतीश की कानूनी लड़ाई को राजनीतिक साजिश और उन्हें परेशान करने की कोशिश बताया।

इधर, उद्धव ने भी दी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी

छत्रपति संभाजीनगर। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बृहस्पतिवार को कहा कि 2020 के दिशा सालियान मौत मामले को लेकर उनके परिवार के खिलाफ चलाया जा रहा ‘चरित्र हनन’ अभियान यदि नहीं रुका तो वह कानूनी कार्रवाई करेंगे। ठाकरे ने यहां पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा, ‘इस मामले से हमारा कोई संबंध नहीं है। आदित्य (ठाकरे) भी यह कह चुके हैं। यह मुद्दा सिर्फ मेरे बारे में नहीं है। इस तरह का चरित्र हनन आप लोगों के साथ भी हो सकता है।’ बुधवार को उनके बेटे और विधायक आदित्य ठाकरे ने दावा किया था कि वह कभी दिशा सालियान से नहीं मिले।

शाह के कार्यक्रम की संरा में ‘शिकायत’

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने अल्पसंख्यकों से जुड़े मुद्दों को लेकर संयुक्त राष्ट्र के विशेष प्रतिवेदक को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि पश्चिम बंगाल में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दौरों के दौरान, वरिष्ठ मुस्लिम आईएएस और आ ई पी ए स अधिकारियों को उनके धर्म की वजह से आधिकारिक कार्यक्रमों से बाहर रखा गया। मोइत्रा ने कुछ दिन पहले, सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह मुद्दा उठाया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि उत्तर बंगाल में शाह के कार्यक्रमों से भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा के मुस्लिम अधिकारियों को दूर रखा गया।



सोशल मीडिया में वीडियो वायरल

अधिकारी की टेबल पर छोड़े आवारा कुत्ते, नासिक में हुआ अनोखा प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶| नासिक

महाराष्ट्र के नासिक में आवारा कुत्तों के आतंक को लेकर ऐसा प्रदर्शन हुआ, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। निफाड नगर पंचायत कार्यालय में पहुंचे युवा सेना (यूबीटी) के कार्यकर्ताओं ने बोरियों में भरकर लाए गए आवारा कुत्तों को सीधे मुख्याधिकारी की टेबल पर छोड़ दिया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद आवारा कुत्तों की समस्या पर कार्रवाई नहीं हुई। यह घटना निफाड नगर पंचायत के मुख्याधिकारी धीरज भामरे के कार्यालय की है। युवा सेना (यूबीटी) के जिला प्रमुख विक्रम रंधवे समेत कार्यकर्ता दो बोरियां लेकर कार्यालय पहुंचे। बोरियां खोलते ही उनमें से आवारा कुत्ते बाहर निकल आए और उन्हें अधिकारी की टेबल पर छोड़ दिया गया।



‘दो दिन में समस्या हल करें’: युवा सेना (यूबीटी) के जिला प्रमुख विक्रम रंधवे ने मुख्याधिकारी से कहा कि अगर दो दिन में समस्या का समाधान नहीं किया गया तो और लोगों, महिलाओं के साथ बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं, मुख्याधिकारी धीरज भामरे ने बताया कि आवारा कुत्तों की समस्या से निपटने के लिए टेंडर दो बार निकाला जा चुका है। यानी नगर पंचायत की ओर से कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू किए जाने की बात कही गई है

केरलम के पूर्व डीजीपी को चार साल का सश्रम कारावास

कोट्टयम (केरलम)। केरलम की एक अदालत ने आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में केरलम के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) टोमिन जे. थाचनकारी को बृहस्पतिवार को चार साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। खबरों के अनुसार, केरलम में यह पहला मामला है जिसमें डीजीपी स्तर के किसी अधिकारी को आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति रखने के मामले में सजा सुनाई गई है। कोट्टयम सतर्कता अदालत के न्यायाधीश के. वी. रजनीश ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत थाचनकारी को दोषी पाया। अदालत ने भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी के खिलाफ 30.84 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया।

चुनाव आयोग ने मांगे तीन-तीन ऑप्शन, फिलहाल उपचुनाव के लिए लागू होगी यह व्यवस्था

टीएमसी का नाम-सिंबल फ्रीज, ममता, ऋतब्रत गुट को झटका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के नाम और चुनाव चिह्न को लेकर चल रही लड़ाई में चुनाव आयोग ने अंतरिम आदेश जारी किया है। आयोग ने ममता बनर्जी और ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले दोनों गुटों को आगामी विधानसभा उपचुनाव में टीएमसी के नाम और पार्टी के मौजूदा चुनाव चिह्न (‘दो फूल और घास’) का इस्तेमाल करने से रोक दिया है। आयोग ने दोनों गुटों से 18 सितंबर तक अपने-अपने गुटों के लिए तीन-तीन नाम और चुनाव आयोग की फ्री सिंबल लिस्ट से तीन-तीन चुनाव चिह्न के विकल्प देने को कहा है। यह व्यवस्था फिलहाल उपचुनाव के लिए लागू होगी। आयोग ने गुरुवार को जारी अंतरिम आदेश में स्पष्ट किया कि आयोग ने कहा कि दोनों गुट अपने-अपने नाम चुन सकते हैं। अगर वे चाहें तो मूल पार्टी के नाम से जुड़ाव भी दिखा सकते हैं। साथ ही दोनों गुटों को फ्री सिंबल सूची में से अलग-अलग चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे।



दोनों पक्षों को निर्देश

आयोग ने दोनों पक्षों को निर्देश दिया है कि वे 18 सितंबर 2026 को सुबह 11 बजे तक अपने गुट के लिए तीन नामों के विकल्प और तीन फ्री सिंबल के विकल्प (वरीयता क्रम में) जमा करें। यह अंतरिम व्यवस्था सिर्फ मौजूदा उपचुनावों के लिए लागू रहेगी और सिंबाल्स आर्डर 1968 के पैरा 15 के तहत विवाद के अंतिम फैसले तक जारी रहेगी। आदेश पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा चुनाव आयुक्त डॉ. विवेक जोशी और डॉ. सुखबीर सिंह संधू के हस्ताक्षर हैं।

पहले भी फ्रीज हो चुके हैं चुनाव चिह्न : बता दें कि चुनाव आयोग इससे पहले भी पार्टी में टूट के बाद चुनाव चिह्न फ्रीज कर चुका है। 2021 में लोक जनशक्ति पार्टी (एलजेपी) में चिराग पासवान और पशुपति कुमार पारस के बीच विवाद के बाद पार्टी का ‘बंगला’ चुनाव चिह्न फ्रीज किया गया था। इसके बाद 2022 में उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे के बीच शिवसेना को लेकर विवाद के दौरान आयोग ने पार्टी के ‘धनुष-बाण’ चुनाव चिह्न को भी फ्रीज कर दिया था।

बंगाल में 6 अक्टूबर को होना है उपचुनाव

पश्चिम बंगाल की नंदीग्राम और रेजीनगर विधानसभा सीटों पर 6 अक्टूबर को उपचुनाव होना है। दोनों सीटों पर टीएमसी के दोनों गुटों ने अपने-अपने उम्मीदवार उतारे हैं और पार्टी के नाम और चुनाव चिह्न पर दावा किया है।

यह कहा दोनों गुटों ने

सुनवाई के बाद ऋतब्रत बनर्जी ने कहा कि उन्होंने आयोग के सवालों का जवाब दिया और जल्द फैसला लेने की मांग की है। इसके बाद ममता गुट की ओर से डेरेक ओ'ब्रायन, कल्याण बनर्जी, महुआ मोइत्रा और सागरिका घोष आयोग के सामने पहुंचे। कल्याण बनर्जी ने अंतरिम आदेश का विरोध किया। उनका कहना था कि ऐसा कोई आदेश जारी करने का आधार नहीं है।

पूर्वमंत्री कांडा के तीन ठिकानों पर ईडी की रेड

गुरुग्राम। ईडी ने वाटिका लिमिटेड से जुड़े बड़े पैमाने पर हुए रियल एस्टेट धोखाधड़ी के मामले में जांच तेज कर दी है। ईडी को इस मामले में वित्तीय हेरफेर और निवेशकों के पैसों की हेराफेरी के सुराग मिले थे। ऐसे में अब ईडी ने हरियाणा के पूर्व राज्य मंत्री गोपाल कांडा के ठिकानों पर छापेमारी की है। प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) की धारा 17 के तहत कार्रवाई करते हुए ईडी की टीमों ने गोपाल कांडा से जुड़े गुरुग्राम स्थित तीन परिसरों में तलाशी अभियान चलाया। इनमें उनका निजी आवास, फार्महाउस और ऑफिस शामिल हैं। जांच एजेंसी को फाइनेंशियल ट्रेल की पड़ताल में शक है कि घर खरीदारों के पैसे को डायवर्ट किया गया था।

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी







- पीएम मोदी के जन्मदिन पर देशभर में जले आशीर्वाद दीये
- कई शहरों में जन्मदिन पर रक्तदान, सेवा अभियान और दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम



रायपुर में 25 लाख दीयों का विश्व रिकॉर्ड, राज्य में जले डेढ़ करोड़ से ज्यादा आशीर्वाद दीये

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर गुरुवार को राजधानी रायपुर में 25 लाख दीयों के जलाने का विश्व रिकॉर्ड बना। गोल्डन रिकॉर्ड की तरफ से इसका प्रमाणपत्र भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को दिया गया। इसी के साथ रायपुर के 16 मुख्य स्थानों के साथ ही पूरे शहर में और लाखों आशीर्वाद के दीये जलाए गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेशभर के 33 जिलों के साथ ही गांवों से लेकर शहरों तक डेढ़ करोड़ से ज्यादा आशीर्वाद के दीये रोशन किए गए। श्री साय राजधानी के तेलीबांधा के मुख्य कार्यक्रम के साथ ही महादेवघाट के कार्यक्रम में भी शामिल हुए। तेलीबांधा के कार्यक्रम के पहले मुख्यमंत्री ने सीएम हाउस से लेकर तेलीबांधा के मुख्य कार्यक्रम स्थल तक रोड शो भी किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा प्रधानमंत्री का छत्तीसगढ़ से विशेष लगाव है। यही वजह है एक तो छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद समाप्त हो गया है और यहां पर विकास की गंगा भी बह रही है। राजधानी के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शिरकत की। शाम को पहले ⏭शेष पेज 5 पर

तेलीबांधा और महादेवघाट के कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम विष्णुदेव साय

पीएम मोदी के साथ काम करने का मिला सौभाग्य : सीएम साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ केंद्र सरकार में राज्यमंत्री के रूप में काम करने का मौका मिला। छत्तीसगढ़ राज्य की सौगात देने का काम हमारे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने किया। छत्तीसगढ़ के अलग होने के बाद जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं, उनका विशेष लगाव ⏭शेष पेज 5 पर



सीएम हाउस से रोड शो

तेलीबांधा के कार्यक्रम के पहले मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री निवास से एक रोड शो निकाला। यह रोड शो जयस्तंभ चौक पहुंचा। यहां से वापस होकर यह शास्त्री चौक, घड़ी चौक, शहीद भगत सिंह चौक होते हुए तेलीबांधा तालाब पहुंचा।

बड़ा दीया जलाया सीएम ने

तेलीबांधा के मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने बड़ा दीया जलाकर आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम प्रारंभ किया। इसके बाद अतिथियों राजीव लोचन महाराज, केदार गुप्ता, संजय श्रीवास्तव, अखिलेश सोनी, रमेश ठाकुर सहित विभिन्न समाज के प्रमुख लोगों ने भी दीया जलाया।

कहां कितने दीये जले

प्रदेशभर के जिलों में अलग-अलग संख्या में दीये जलाए गए। इसमें राजनांदगांव में 15 लाख, बिलासपुर 10 लाख, धमतरी में 10 लाख, बालोद में 10 लाख, रायगढ़ में 7 लाख, कोरबा 5 लाख, सरगुजा में पांच लाख, महासमुंद में 6 लाख, जशपुर में 2.25 लाख, बस्तर में 2.5 लाख, बीजापुर में दो लाख, कांकेर में 5 लाख, बेमेतरा में 1.5 लाख, जांजगीर-चांपा में 6 लाख, कोंडागांव में एक लाख 11 हजार, नारायणपुर एक लाख 25 हजार, कबीरधाम में 1 लाख 51 हजार, बलरामपुर में 1.50 लाख, गरियाबंद में 10 लाख, दुर्ग में 15 लाख, मुंगेली में पांच लाख, बलौदाबाजार-भाटापारा 11 लाख, ढंतेवाड़ा में 1.50 लाख दीये जलाए गए।

वडनगर और काशी से शुरू हुई सेवा संकल्प यात्रा

पीएम मोदी के जन्मदिन पर देशभर में कार्यक्रम

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर गुरुवार को देशभर में भाजपा ने उत्सव मनाया। आशीर्वाद दीयों के साथ वडनगर और काशी से सेवा संकल्प अभियान की भी शुरुआत हुई। इस अवसर पर रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर, वाराणसी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उज्जैन समेत पूरे मध्य प्रदेश में दीपोत्सव की रोशनी बिखरी। मां शिप्रा की आरती में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन शामिल हुए।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू सहित विश्व के अन्य नेताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी को बधाई दी।





गृहमंत्री शाह ने वडनगर में शुरू की 'सेवा यात्रा'

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर गुजरात के वडनगर में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के तहत वडनगर से वाराणसी तक आयोजित होने वाली सेवा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा में 250 बाइकों पर सवार 500 युवा बाइकर्स शामिल हैं।

सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹115577/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹141158/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹154088/-
Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।
ANAND Jewels Pandri, Raipur

खबर संक्षेप

प्रसिद्ध मीनाक्षी मंदिर में पुनः प्रतिष्ठा समारोह

मदुरै। तमिलनाडु के मदुरै स्थित प्रसिद्ध श्री मीनाक्षी सुंदरेश्वर मंदिर में गुरुवार को महाकुंभाभिषेक (पुनः प्रतिष्ठा समारोह) का आयोजन वैदिक मंत्रों के उच्चारण और हजारों श्रद्धालुओं की भक्ति के बीच किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस भव्य आयोजन को देखने के लिए मंदिर पहुंचे थे। पुजारियों ने अनुष्ठान किए और मीनाक्षी अम्मन मंदिर के विमानम (शिखर) तथा सुंदरेश्वर स्वामी मंदिर के विमानम पर जल से अभिषेक किया। इस दौरान श्रद्धालु विशाल मंदिर के टावरों के आसपास खड़े होकर समारोह देखते रहे।

गुलमर्ग और गुरेज में हुई मौसम की पहली बर्फबारी

श्रीनगर। कश्मीर के गुलमर्ग और गुरेज के ऊंचाई वाले इलाके बृहस्पतिवार को मौसम की पहली बर्फबारी से सफेद चादर से ढक गए जबकि घाटी के मैदानी इलाकों में बारिश हुई। कश्मीर घाटी के कुछ ऊंचाई वाले इलाकों में मौसम की पहली बर्फबारी हुई। उत्तर कश्मीर के बारामूला जिले में गोंडोला फेज-दो और अफरवात क्षेत्र सहित प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग के ऊपरी इलाकों में रात के दौरान बर्फबारी हुई। बर्फ की पतली सफेद परत ने ऊंचाई वाले इलाकों को ढक दिया। सीमावर्ती गुरेज सेक्टर की तुलैल घाटी और काबुली गली में भी बर्फबारी हुई।

नगर पंचायत पुसौर अध्यक्ष और सीएमओ की कार्यप्रणाली को लेकर आक्रोश

नपं के आठ भाजपा पार्षदों ने प्राथमिक सदस्यता से दिया इस्तीफा, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नगरपंचायत पुसौर के 8 बीजेपी पार्षदों ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। जैसे ही यह खबर सामने आई राजनीतिक गलियारे में हड़कंप मच गया। एक तरफ गुरुवार को जहां चारों ओर आशीर्वाद का दीया जल रहा था तो दूसरी ओर पार्टी के समर्पित ⏭शेष पेज 5 पर

- शहर में मूलभूत बिजली, पानी, नाली, सड़क का भी नहीं हो पा रहा है काम



बीजेपी जिलाध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष को भेजा पत्र

नगरपंचायत पुसौर के 8 बीजेपी पार्षदों ने सामूहिक रुप इस्तीफा दे दिया है। पार्षदों ने बीजेपी जिलाध्यक्ष अरुणधर दीवान और मंडल अध्यक्ष को पत्र सौंपा है। हालांकि देर शाम तक इन पार्षदों का इस्तीफा स्वीकार हुआ था या नहीं इसकी जानकारी नहीं मिल पाई थी। दूसरी ओर बीजेपी नेताओं ने इस पार्टी की अंदरुनी मामला और जल्द सामान्य होने की बात कही है।

अगले सत्र से लागू करें छठवीं के लिए त्रि-भाषा नीति

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सीबीएसई से 2027 से शुरू होने वाले अगले शैक्षणिक सत्र से कक्षा छह के छात्रों के लिए दो भारतीय भाषाओं सहित तीन भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य करने की नीति लागू करने पर विचार करने को कहा। सीबीएसई के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ को बताया कि बोर्ड इस ⏭शेष पेज 5 पर

अभिषेक शर्मा का रिकॉर्ड शतक

30 गेंद में ठोका शतक रचा नया वर्ल्ड रिकॉर्ड

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने गुरुवार को अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे टी20 इंटरनेशनल मुकाबले में इतिहास रच दिया। उन्होंने महज 30 गेंदों में शतक पूरा कर टी20 इंटरनेशनल में फुल मेंबर टीम के लिए सबसे तेज सेंचुरी का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इससे पहले यह रिकॉर्ड 33 गेंद में शतक लगाने वाले फिन एलन और सिकंदर रजा के नाम था।



जूनियर डॉक्टर 21 से हड़ताल पर, ठप रहेंगी प्रदेशभर में स्वास्थ्य सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेशभर के शासकीय अस्पतालों में 21 सितंबर से स्वास्थ्य सेवाएं ठप हो जाएंगी। जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन ने 21 सितंबर से हड़ताल पर जाने का ऐलान कर दिया है। वे स्टायपेंड में लंबे समय से वृद्धि की मांग कर रहे हैं। काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन से लेकर मौन हड़ताल भी उनके द्वारा किया जा चुका है। इसके बाद भी शासन द्वारा किसी तरह का कोई निर्णय ⏭शेष पेज 5 पर

मिलते हैं केवल 15 हजार

वर्तमान में जूनियर डॉक्टर को प्रतिमाह केवल 15,900 रुपए की राशि मिलती है। वे इसे बढ़ाकर 30 हजार प्रतिमाह किए जाने की मांग कर रहे हैं। हड़ताल का मुख्य मुद्दा यही है। बॉन्डेड डॉक्टर्स की वेतन वृद्धि, बॉन्ड अमाउंट में कमी, पीजी सलेक्शन पर पूर्व बॉन्ड सर्विस का ⏭शेष पेज 5 पर



राज्य सरकार ने किया नियमों में बड़ा बदलाव

परिवहन के बाबू भी अब बन सकेंगे सब इंस्पेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में दस साल से बाबूगिरी कर रहे लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिए उनके सेवाकाल का यह एक सुनहरा मौका हो सकता है। दरअसल राज्य सरकार के परिवहन विभाग ने राज्य में परिवहन उपनिरीक्षक (गैर-तकनीकी) के पदों पर भर्ती और सेवा शर्तों से जुड़े नियमों में बड़ा संशोधन किया है। इसके तहत अब विभाग के लिपिक सब इंस्पेक्टर बन सकेंगे। इस नए आदेश के बाद अब परिवहन ⏭शेष पेज 5 पर

खास खबर



अब हुआ है ये बदलाव

परिवहन विभाग की अधीनस्थ तृतीय श्रेणी (कार्यपालिक) सेवा भर्ती नियम, 2008 में संशोधन किया गया है। इसके तहत परिवहन उप-निरीक्षक (गैर-तकनीकी) के कुल 74 पदों के लिए नई व्यवस्था लागू की गई है। 50 प्रतिशत पद लोक सेवा आयोग (पीएससी) के माध्यम से भरे जाएंगे। प्रतिशत पद अन्य माध्यमों से। 15 प्रतिशत पद (पार्श्व ⏭शेष पेज 5 पर

ये है पात्रता और अनुभव के नए नियम

खास बात ये है कि इस योजना का लाभ केवल परिवहन विभाग की विभागीय लिपिक वर्गीय सेवा के सदस्यों को ही मिलेगा। पहले इसमें आरक्षक और प्रधान आरक्षकों को भी शामिल किया गया था, जिसे अब संशोधित कर दिया गया है। योजना के तहत पात्रता के लिए यह जरूरी कर दिया गया है कि कर्मचारी ने परिवहन सेवा भर्ती नियम, 2013 की अनुसूची-एक के तहत किसी विभागीय लिपिक वर्गीय सेवा में अपनी परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूरी करने के बाद कम से कम 10 साल तक स्थाई या स्थानापन्न हैसियत से नियमित सेवा पूरी कर ली हो।

कब से लागू होंगे नियम?

परिवहन विभाग के संयुक्त सचिव कमलेश बंसोड़ के हस्ताक्षर से जारी इस आदेश के मुताबिक, ये सभी संशोधन 16 सितंबर 2026 से ही प्रभावशील (लागू) हो गए हैं। इस बदलाव से विभाग के लंबे समय से सेवा दे रहे पात्र लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिए सीमित प्रतियोगी परीक्षा के जरिए उप-निरीक्षक बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

चिंतन

भारत की दो टूक, देश के लोगों के हित सर्वोपरि



मुद्दा
अरविंद जयतिलक

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने घोषणा की है कि 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले एनडीए शासित सभी 21 राज्यों में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू कर दिया जाएगा। इस ऐलान के बाद न सिर्फ विपक्षी दलों बल्कि एनडीए के सहयोगी दलों के बीच से भी ऐतराज के स्वर फूटने लगे हैं। किस्म-कस्म के कुतर्क और प्रतिवाद गढ़े जाने लगे हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि तुष्टीकरण में जुटे तमाम सियासी दलों को यह भावना रास नहीं आ रही है। वे कुतर्कों के जरिए देश में यूनिफार्म सिविल कोड का विरोध कर रहे हैं। मजेदार बात यह कि एक ओर संविधान की रक्षा की बात करते हैं, संविधान को हाथ में लेकर चलते हैं, आंबेडकर की दुहाई देते हैं और दूसरी ओर संविधान के प्रावधानों को लागू होने के खिलाफ हैं।

अमेरिका की प्रतिनिधि सभा द्वारा रूस और ईरान पर नए प्रतिबंधों से जुड़े विधेयक को मंजूरी दिए जाने के बाद भारत ने भी दो टूक प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट कहा कि देश के 1.4 अरब लोगों के हित, जरूरत और ऊर्जा सुरक्षा सर्वोपरि हैं। भारत बदलती बाजार परिस्थितियों के अनुरूप विभिन्न स्रोतों से ऊर्जा खरीद जारी रखेगा। अमेरिकी विधेयक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रूस से तेल और गैस खरीदने वाले बड़े देशों पर 100 प्रतिशत तक अतिरिक्त शुल्क लगाने का अधिकार देता है। भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा का प्रश्न इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि उसकी अर्थव्यवस्था और करोड़ों परिवारों का जीवन ऊर्जा की कीमतों से सीधे जुड़ा है। कच्चे तेल की लागत में बड़ी वृद्धि का असर परिवहन, विनिर्माण, बिजली, खाद्य पदार्थों की कीमतों और अंततः महंगाई पर पड़ सकता है। ऐसे में भारत ने वाशिंगटन को स्पष्ट शब्दों में कहा है कि देश अपने आर्थिक और व्यापारिक हितों की रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। भारत का रुख हमेशा से साफ रहा है कि भारत किसी तीसरे देश के एकतरफा प्रतिबंधों को मानने के लिए बाध्य नहीं है और उसके फैसले केवल राष्ट्रीय हितों से संचालित होते हैं। रूस से सस्ता कच्चा तेल मिलने के कारण पिछले कुछ वर्षों में भारतीय रिफाइनरियों की खरीद में उसकी भूमिका बढ़ी है। यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों ने वैश्विक तेल व्यापार का स्वरूप बदला और भारत ने उपलब्ध बाजार अवसरों का इस्तेमाल अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए किया है। इसके पीछे तर्क है कि ऊर्जा खरीद किसी राजनीतिक पक्षधरता से अधिक उसके उपभोक्ताओं और अर्थव्यवस्था की जरूरतों से संचालित होती है। दूसरी ओर, अमेरिका का दृष्टिकोण रूस पर आर्थिक दबाव बढ़ाने से जुड़ा है। उसकी चिंता यह है कि रूसी ऊर्जा की खरीद से मॉस्को को राजस्व मिलता है। इसलिए भारत और चीन जैसे बड़े खरीदारों को निशाना बनाने का प्रावधान रूस पर दबाव की व्यापक रणनीति का हिस्सा है, यदि बड़े खरीदारों पर भारी शुल्क लगाया जाता है तो वैश्विक तेल व्यापार में आपूर्ति, कीमत और परिवहन लागत प्रभावित हो सकती है। भारत-अमेरिका संबंध आज व्यापार, तकनीक, रक्षा, निवेश और रणनीतिक सहयोग के कई क्षेत्रों में आगे बढ़ रहे हैं। ऐसे में ऊर्जा व्यापार को लेकर मतभेदों को व्यापक संबंधों पर हावी होने देना दोनों देशों के हित में नहीं होगा। ऐसे में भारत के सामने चुनौती संतुलन बनाने की है। रूस के साथ पुराने रणनीतिक संबंधों को बनाए रखते हुए अमेरिका के साथ बढ़ते सहयोग को भी आगे बढ़ाना है। इसके लिए सबसे कारगर रास्ता किसी एक पक्ष के दबाव में आने के बजाय ऊर्जा स्रोतों का लगातार विविधीकरण, घरेलू उत्पादन को बढ़ावा, नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश और वैश्विक बाजार में अपने विकल्प मजबूत करना है। नई दिल्ली का संदेश मूलतः यही है कि विदेश नीति में मित्रता और साझेदारी महत्वपूर्ण हैं, लेकिन अंतिम कसौटी राष्ट्रीय हित है। ऊर्जा जैसी बुनियादी जरूरत को भू-राजनीतिक दबाव का साधन नहीं बनने दिया जा सकता। भारत को अपने लिए उपलब्ध हर वैध और आर्थिक रूप से व्यवहार्य विकल्प खुला रखना होगा। आज की वैश्विक व्यवस्था में आत्मनिर्भरता का अर्थ इतने विकल्प तैयार रखना है कि किसी एक स्रोत पर निर्भरता मजबूरी न बने। भारत की ऊर्जा नीति को इसी दिशा में आगे बढ़ना होगा। देश के 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा जरूरत, आर्थिक स्थिरता और व्यापक राष्ट्रीय हित सर्वोच्च हैं। यही भारत की स्पष्ट और संतुलित नीति का आधार होना चाहिए।

यूनिफार्म सिविल कोड पर विलाप क्यों

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने घोषणा की है कि 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले एनडीए शासित सभी 21 राज्यों में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू कर दिया जाएगा। गृहमंत्री के इस ऐलान के बाद न सिर्फ विपक्षी दलों बल्कि एनडीए के सहयोगी दलों के बीच से भी ऐतराज के स्वर फूटने लगे हैं। किस्म-कस्म के कुतर्क और प्रतिवाद गढ़े जाने लगे हैं। गौर करें तो पहली बार नहीं है जब यूनिफॉर्म सिविल कोड के खिलाफ वितंडा खड़ा किए जाने की कोशिश हो रही है। याद होगा कि स्वाधीनता दिवस की 78वीं सालगिरह पर जब लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लिए सेक्युलर सिविल कोड की जरूरत पर बल दिया था, उस दरम्यान भी विरोध के बोल ऊंचे हुए थे। यह प्रवृत्ति देशहित में नहीं है। सबके लिए एक समान कानून होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि मौजूदा समय में देश में विवाह, तलाक, गोद लेने, उत्तराधिकार और संपत्ति के मामले में हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध के पर्सनल मामले हिंदू विवाह अधिनियम से चलते हैं। लेकिन मुसलमानों, ईसाइयों और पारसियों के लिए अलग पर्सनल लॉ हैं। एक सेकुलर देश में इस तरह के कानून कहीं से भी एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के स्वरूप को रेखांकित नहीं करते हैं। ऐसे में अगर देश के गृहमंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूनिफार्म सिविल कोड की जरूरत पर बल देते हैं तो यह उचित ही है।

दुर्भाग्यपूर्ण है कि तुष्टीकरण में जुटे तमाम सियासी दलों को यह भावना रास नहीं आ रही है। वे किस्म-किस्म के कुतर्कों के जरिए देश में यूनिफार्म सिविल कोड का विरोध कर रहे हैं। मजेदार बात यह कि एक ओर संविधान की रक्षा की बात करते हैं, संविधान को हाथ में लेकर चलते हैं, बाबा साहब आंबेडकर की दुहाई देते हैं और दूसरी ओर संविधान के प्रावधानों को लागू होने के खिलाफ हैं। जबकि वे अच्छी तरह जानते हैं कि समान नागरिक संहिता एक पंथनिरपेक्ष विधि है जो सभी धर्मों के लोगों के लिए समान रूप से लागू होता है। वे यह भी जानते हैं कि 23 नवंबर, 1948 को इस मसले पर संविधान सभा में बहस हुई और भारत के पहले कानून मंत्री और संविधान निर्माता बाबा साहब आंबेडकर ने बहस करते हुए समान नागरिक संहिता लागू करने की वकालत की। डा. आंबेडकर ने तर्क दिया कि समान नागरिक संहिता की अनुपस्थिति सामाजिक सुधारों में सरकार के प्रयासों में बाधा उत्पन करेगी। अनेक संविधानविद् भी चाहते थे कि देश में समान नागरिक संहिता लागू हो।

अल्लादि कृष्णास्वामी अय्यर ने समान नागरिक संहिता पर बल देते हुए कहा कि 'जब अंग्रेजों ने इस देश पर अधिकार किया और कहा कि वे संपूर्ण देश के लिए एक ही आपराधिक कानून बना रहे हैं, तब उसका विरोध क्यों नहीं किया गया।' भारत का संविधान राज्य के नीति निर्देशक तत्व में सभी नागरिकों को समान नागरिकता कानून सुनिश्चित करने के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करता है। संविधान का अनुच्छेद 44 इस धारणा पर आधारित है कि सभ्य समाज में धर्म व वैयक्तिक विधि में कोई संबंध नहीं होता है। अतः समान नागरिक संहिता बनाने से किसी समुदाय के सदस्यों के अनुच्छेद 25, 26 व 27 के अधीन प्रतिभूत मूल अधिकारों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। विवाह, उत्तराधिकार और इस प्रकार की सामाजिक



प्रकृति की बातें धार्मिक स्वतंत्रता से बाहर हैं और उन्हें विधि बनाकर विनियमित किया जा सकता है। ध्यान देने वाली बात यह कि विवाह एवं उत्तराधिकार संबंधी हिंदू विधि भी इस्लाम व ईसाइयों की भांति ही धर्मसम्मत है। फिर जब हिंदू समाज संविधान की भावना का सम्मान करते हुए एवं देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने के लिए अपनी धार्मिक मान्यताओं का परित्याग कर दिया और उनका संहिताबद्ध किया गया तो अन्य धर्मावलंबियों एवं मतावलंबियों को इस तरह के आचरण का पालन क्यों नहीं करना चाहिए।

1956 में हिंदू विवाह कानून, उत्तराधिकार कानून, नाबालिग व अभिभावक कानून और गोद लेने व गुजारा भत्ता कानून लागू कर दिया गया, लेकिन अल्पसंख्यक समुदायों को इस परिधि में नहीं लाया गया। समान नागरिक संहिता का विरोध करने वाले लोगों को विचार करना चाहिए कि जब दुनिया के सभी आधुनिक देश जिनमें मुस्लिम देश भी शामिल हैं और वहां समान नागरिक संहिता लागू है तो फिर भारत में भी ऐसा कानून क्यों नहीं बनना चाहिए। सीरिया, ट्यूनिशिया, मोरक्को, पाकिस्तान, ईरान, बांग्लादेश तथा मध्य एशियाई गणतंत्र समेत अन्य कई और मुस्लिम देशों में वैयक्तिक विधि का संहिताकरण करके समान नागरिक संहिता को लागू किया गया है। मजेदार बात यह कि समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए देश की अदालतें भी अपनी सहमति की मुहर लगा चुकी हैं। सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस दीपक गुप्ता और जस्टिस अनिरुद्ध बोस की पीठ कह चुकी है कि संविधान निर्माताओं ने राज्य के नीति निर्देशक तत्वों के तहत अनुच्छेद 44 के जरिए यह उम्मीद जतायी थी कि राज्य पूरे देश में समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करे। सरला मुद्गल बनाम भारत संघ मामले में भी सर्वोच्च अदालत कह चुका है कि संविधान के अनुच्छेद 44 पर नया दृष्टिकोण अपनाएं जिसमें सभी नागरिकों के लिए एक 'समान नागरिक संहिता' हो। जानवलामत्तम बनाम भारत संघ के मामले में भी उच्चतम न्यायालय समान नागरिक संहिता के न बनाने को लेकर दुख जता चुका है। न्यायमूर्ति कह चुके हैं कि संविधान को लागू हुए वर्षों गुजर गए और कई सरकारें आईं व गई, फिर भी अनुच्छेद 44 में निहित संविधान के उक्त निर्देश को कार्यान्वित करने के कर्तव्य का पालन किसी के द्वारा नहीं किया गया। दिल्ली उच्च न्यायालय भी समान नागरिक संहिता लागू करने की बात कह चुका है। न्यायमूर्ति प्रतिमा एम सिंह की पीठ ने दो टूक कहा कि विवाह, तलाक और संपत्ति के बंटवारे के संबंध में वैकल्पिक व्यवस्थाओं की मौजूदगी न्यायिक ढांचे के लिए चुनौती के साथ-साथ संविधान के प्रावधानों को लागू करने की राह में बाधा है। समान नागरिक संहिता के इतिहास में जाएं तो 1840 में ब्रिटिश राज में गठित समिति ने समान नागरिक कानून बनाने की वकालत की थी। 1985 में जब शाह बानो का मामला उछला तब भी इसकी आवश्यकता महसूस की गई। शाह बानो एक 62 वर्षीय मुसलमान महिला और 5 बच्चों की मां थी, जिन्हें 1978 में उनके पति ने तलाक दे दिया था। शाह बानो ने जीविका का कोई साधन न होने के कारण अपने पति से गुजारा भत्ता लेने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया।

अदालत ने निर्देश दिया कि शाह बानो का निर्वाह-व्यय के समान जीविका दी जाए। लेकिन तत्कालीन राजीव गांधी की सरकार ने इस फैसले का पालन करने के बजाए संसद के जरिए फैसले को ही पलट दिया। मुस्लिम नेताओं ने 'ऑल इंडिया पर्सनल बोर्ड' नाम की एक संस्था बना ली और देश के सभी भागों में आंदोलन की धमकी दी। यह रेखांकित करता है कि तत्कालीन सरकार तुष्टिकरण की सारी सीमाएं लांघ गई। क्या ऐसे में आवश्यक नहीं हो जाता है कि देश को एक यूनिफॉर्म सिविल कोड की जरूरत है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मॉर्फ्ड तस्वीरें
डॉ. मोनिका शर्मा



तकनीक ही नहीं, विचार भी अपडेट होने चाहिए

हाल में आपत्तिजनक वस्त्रों में गंगा स्नान करती एक महिला का वीडियो वायरल हुआ। वीडियो साझा करने वाले बहुत से यूजर्स ने न केवल महिला के लिए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया बल्कि ऐसे कपड़ों में गंगा स्नान करने के लिए रोष भी जताया। हरिद्वार के हरकी पैड़ी जैसे पवित्र स्थल से आए इस वीडियो को लेकर लोगों ने धार्मिक स्थलों पर मर्यादा और अनुशासन बनाए रखने की बात भी कही। बाद में सामने आया कि यह वीडियो नकली है। असली वीडियो में महिला सलवार-सूट पहनकर स्नान करती दिखती है। मूल वीडियो के साथ छेड़छाड़ कर एआइ से कपड़े बदलकर महिला को आपत्तिजनक कपड़ों में दिखाया गया। वस्तुतः इस वीडियो ने महिलाओं की निजता और सुरक्षा को लेकर अहम सवाल खड़े कर दिए हैं। किसी सार्वजनिक स्थल पर स्त्रियों का सभ्य पहनावे में उपस्थित होना भी अब जोखिमपूर्ण हो गया है। ध्यातव्य है कि तकनीक के गलत इस्तेमाल का चिंतनीय उदाहरण बना यह वीडियो सोशल मीडिया क्रिएटर सोनम यादव का है। सोनम ने स्वयं इंस्टाग्राम पर दो वीडियो शेयर कर बताया कि वायरल वीडियो को एआई की मदद से बनाया गया है। उनके असली वीडियो के साथ छेड़छाड़ होने की शिकायत साइबर क्राइम ब्रांच में की है। गौरतलब है कि इन्हीं दिनों अभिनेत्री शालिनी पांडे का भी टॉपलेस वीडियो सामने आया। शालिनी ने भी इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा था कि ' मेरा एआई-जनरेटेड वीडियो पूरी तरह से बनावटी है और इसमें मैं नहीं हूं।' कुछ समय पहले मराठी और हिंदी की चर्चित अभिनेत्री गिरिजा ओक गोडबोले की भी एआई-जनित तस्वीरें सोशल मीडिया हुई थीं। एक वीडियो जारी कर गिरिजा ने बताया था कि ' सोशल मीडिया पर बिना किसी नियम के ऐसी फर्जी तस्वीरें बनाई और फैलाई जाती हैं। दुखद है कि चर्चित चेहरों से लेकर आम महिलाओं तक, एआई से बनी तस्वीरें और डीपफेक वीडियो महिलाओं के लिए मुसीबत बन रहे हैं। कुछ लोगों की कुत्सित मानसिकता के चलते ऐसी घटनाएं डिजिटल यौन उत्पीड़न का रूप लेने लगी हैं। चिंतनीय है कि ऐसी नकली सामग्री की पहुंच भी बहुत अधिक होती है। मैकऐफी की 'सबसे खतरनाक सेलेब्रिटी -डीपफेक धोखे की सूची' रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर वर्ष लगभग 75 प्रतिशत लोग डीपफेक कंटेंट देखते हैं। वहीं 2020 से 2024 के बीच महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराधों में 118 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। इनमें महिलाओं की मॉर्फ की गई तस्वीरों के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। जबकि निजता का हनन करने वाले ऐसे वीडियो से किसी महिला के लिए सामाजिक-पारिवारिक जीवन के हर पहलू पर दुष्प्रभाव पड़ता है। नकली कंटेन्ट को हटाने की प्रक्रिया भी आसान नहीं है। अभिनेत्री गिरिजा ओक गोडबोले ने अपनी मॉर्फ्ड तस्वीरें वायरल होने पर कहा था कि मेरी ये तस्वीरें इंटरनेट पर हमेशा रहेंगी। यह सोचकर मुझे डर लगता है कि मेरा बारह साल का बेटा इन्हें देखेगा।' समझना कठिन नहीं कि किसी महिला का आपत्तिजनक फेक कंटेन्ट भी उसे असुरक्षित और अपमानित महसूस कराता है। ऐसी सामग्री की बार-बार चर्चा होती है। वायरल वीडियो के यहां-वहां दिखने और उस पर आई यूजर्स की असभ्य प्रतिक्रियाएं मानसिक तनाव बढ़ाती हैं। यही वजह है कि कुछ समय पहले भारत में डीपफेक पर लगाम लगाने के लिए लोकसभा में रेगुलेशन बिल पेश किया गया। इस बिल का उद्देश्य लोगों के चेहरे का गलत तरीके से इस्तेमाल करने पर लगाम लगाना है। ज्ञात हो कि डीपफेक तकनीकी टूल्स के जरिये किसी फोटो में दूसरे का चेहरा लगा दिया जाता है। किसी वीडियो में दूसरी आवाज सेट कर दी जाती है। फेक चेहरा लगाने के बावजूद बिलकुल असली लगने वाली इस एडिटिंग को मशीन लर्निंग और आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से अंजाम दिया जाता है। वास्तविक लगने वाले ऐसे कंटेन्ट का खेल किसी भी इंसान की छवि बिगाड़ने वाली सोची-समझी करतूत होती है। असल में एआई टूल्स की सहज उपलब्धता इस समस्या की जड़ है। इन्टरनेट पर तस्वीरों को बदलने वाले एप्स बच्चों से लेकर बड़ों तक की पहुंच में हैं, जिससे दुरुपयोग के मामले बढ़े हैं। रचनात्मक मोर्चे पर तकनीक का बेहतरीन उपहार मानी जाने वाली आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से तैयार डीपफेक कंटेन्ट ने आमजन को कमोबेश सभी को भय और असुरक्षा के घेरे में ला दिया है। जबकि सृजनशील सोच के साथ तकनीक उपयोग करने वालों के लिए एआई वरदान से कम नहीं। आवश्यक है कि आमजन स्त्रियों की निजता का मान करना सीखें। आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करने वाले लोग अपने विचारों को भी अपडेट करें।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

शिव के अंश से जन्म होने पर मनुष्य ज्ञानी होता है



संकलित
दर्शन

साधक दो प्रकार के होते हैं। एक प्रकार के साधक का स्वभाव बंदर के बच्चे की तरह होता है, दूसरे प्रकार के साधक का स्वभाव बिल्ली के बच्चे की तरह। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े हुए उससे लिपटा रहता है, पर बिल्ली का बच्चा स्वयं मां को नहीं पकड़ता, मां उसे जहां छोड़ दे, वहीं पड़ा रहता है। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े रहता है, इसलिए अगर कभी उसका हाथ छूट जाए तो वह गिर पड़ता है और उसे चोट पहुंचती है। पर बिल्ली के बच्चे को यह भय नहीं है, क्योंकि उसे उसकी मां स्वयं पकड़कर एक जगह से दूसरी जगह ले जाती है। इसी प्रकार, ज्ञानयोगी या कर्मयोगी साधक बंदर के बच्चे की तरह स्वयं के प्रयत्न से मुक्तिलाभ करने का प्रयास करता है, परंतु भक्त साधक ईश्वर को ही एकमात्र कर्ता जानकर बिल्ली के बच्चे की तरह उन्हीं के चरणों में निर्भय होकर निश्चित पड़ा रहता है। ज्ञानी कहता है सोहम्। मैं ही वह शुद्ध आत्मा हूं। परंतु भक्त कहता है, अहा, यह सब उनकी ही महिमा है। यह सब कुछ मैं हूं, यह सब कुछ तुम हो, तुम स्वामी हो, मैं सेवक-इन तीन भावों में से किसी भी एक में दृढ़ रूप से प्रतिष्ठित होने पर ही भगवत्प्राप्ति होती है। शिव के अंश से जन्म होने पर मनुष्य ज्ञानी होता है। उसका मन सदा ब्रह्म सत्य, जगत मिथ्या, इसी बोध की ओर जाता है। विष्णु के अंश से जन्म हो तो प्रेम-भक्ति होती है। उसके मन से प्रेम-भक्ति कभी नहीं जाती। बहुत ज्ञान विचार करने के बाद यदि किसी समय यह प्रेम-भक्ति कुछ कम भी हो जाए तो फिर और एक समय यह यदुवंश का ध्वंस करने वाले मूसल की तरह देखते-देखते बढ़ भी जाती है।

तुलसीदास जी द्वारा विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गई और उस हत्या के प्रायश्चित के लिए वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता था- राम राम ! मै हत्यारा हूं, मुझे भिक्षा दीजिए। श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। गोस्वामी जी ने बड़ी प्रसन्नता से उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद खिलाया जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितों ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? गोस्वामी जी ने कहा कि वेदों पुराणों में भगवान के नाम की महिमा लिखी है, उसे पढ़कर देख लीजिए। भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। उन्होंने गोस्वामी जी से कहा कि महिमा लिखी तो है परंतु हमें विश्वास नहीं होता। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा विश्वास वह उपाय कहिए? इसपर ब्राह्मणों ने कहा- यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले सकते हैं अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहां शर्त रखी गई थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहा- हे नंदीश्वर ! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिए। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया।

अंतर्मन



आज की पाती

अपराध की काली कमाई सफेद करने का धंधा

मनी लॉन्ड्रिंग अर्थात धनशोधन आज केवल आर्थिक अपराध नहीं रह गया है, बल्कि यह संगठित अपराध, भ्रष्टाचार, मादक पदार्थों की तस्करी, आतंकवाद और अवैध व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण वित्तीय आधार बन चुका है। सामान्य शब्दों में कहें तो मनी लॉन्ड्रिंग वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से अपराध से अर्जित धन के वास्तविक स्रोत को छिपाकर उसे वैध अथवा कानूनी रूप से अर्जित धन के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। अपराधी जानते हैं कि केवल अवैध तरीके से धन कमाना पर्याप्त नहीं है। उस धन को ऐसी व्यवस्था में शामिल करना भी आवश्यक है जिससे उसकी वास्तविक उत्पत्ति का पता लगाना कठिन हो जाए। यही कारण है कि आधुनिक वित्तीय व्यवस्था में धनशोधन की चुनौती लगातार जटिल होती जा रही है। - *संदीप शुक्ला, राजनांदगांव*

करंट अफेयर

नासा के यान ने चंद्रमा पर खोजा रोम के कोलोसियम से बड़ा गड्ढा



वैज्ञानिकों ने चंद्रमा पर एक ऐसे नए गड्ढे की खोज की है जो रोम के कोलोसियम से भी बड़ा है। यह गड्ढा दो साल पहले हुई एक शक्तिशाली टक्कर के कारण बना था, लेकिन उस समय इसका पता नहीं चल पाया था। करीब 728 फुट चौड़ा और 141 फुट तक गहरा यह गड्ढा हाल के समय में सौर मंडल में बना ज्ञात सबसे बड़ा प्रभाव-गड्ढा है। शोधकर्ताओं के अनुसार, इतनी बड़ी टक्कर की घटना करीब 132 साल में एक बार होने का अनुमान है। नासा द्वारा चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्रियों के लिए आधार बनाने की तैयारी के बीच यह घटना वैज्ञानिकों के लिए महत्वपूर्ण जानकारी जुटाने का दुर्लभ अवसर है। 'साइंस एडवांसेज' पत्रिका में बुधवार को प्रकाशित दो अध्ययनों में से एक में वैज्ञानिकों ने कहा कि यह घटना 'सांख्यिकीय रूप से दुर्लभ, लगभग जीवन में एक बार होने वाला अवलोकन' है। नासा के लूनर रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर (एलआरओ) ने मई 2024 में चंद्रमा के पृथ्वी की ओर वाले हिस्से में इस गड्ढे को देखा था। यह किसी क्षुद्रग्रह या धूमकेतु के टुकड़े के चंद्रमा से टकराने के बाद बना था। पृथ्वी और अंतरिक्ष में मौजूद दूरबीनें वास्तविक समय में इस टक्कर का पता नहीं लगा सकीं।

ऑफ बीट

लगातार गाड़ी चलाते समय थकान क्यों महसूस होती है



चाहे आप रोज दफ्तर आने-जाने के लिए गाड़ी चला रहे हों या समुद्र किनारे लंबी यात्रा पर निकले हों, लगातार 'ड्राइविंग' शरीर और दिमाग दोनों को थका सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि गाड़ी चलाना एक बेहद जटिल काम है, जिसमें दिमाग के कई हिस्सों को एक साथ काम करना पड़ता है। इनमें योजना बनाना, सतर्क रहना और आसपास की चीजों को समझना शामिल हैं। लेकिन जब आप थक जाते हैं, तो दिमाग के ये हिस्से पहले की तरह प्रभावी ढंग से काम नहीं कर पाते। यही वजह है कि चालक की थकान को सड़क सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना जाता है। हालिया शोध बताते हैं कि ऑस्ट्रेलिया की सड़कों पर हुए हादसों में से 20 से 30 प्रतिशत उनींदे होकर गाड़ी चलाना एक प्रमुख कारण रहा। इसका असर हर उम्र और अनुभव वाले चालकों पर पड़ सकता है। ड्राइविंग के दौरान दिमाग कैसे काम करता है- ड्राइविंग एक ऐसा कार्य है जिसमें ध्यान, सतर्कता, चीजों को पहचानने की क्षमता, शरीर की गतिविधियों पर नियंत्रण और तेज निर्णय लेने जैसी कई मानसिक प्रक्रियाएं एक साथ सक्रिय रहती हैं। एक शोध विश्लेषण में पाया गया कि गाड़ी चलाने के दौरान दिमाग के बहुत से खास हिस्से सक्रिय हो जाते हैं।

ट्रेंड

आस्था के केंद्र



वडनगर (गुजरात) में स्थित हाटकेश्वर महादेव मंदिर, भारतीय वास्तुकला और आस्था का एक अनूठा संगम है। इस मंदिर की बारीक नक्काशी और स्वयंभू शिवलिंग सदियों से आस्था के केंद्र रहे हैं।
-**अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

अंगदान संकल्प अभियान



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर, दिल्ली के ऑनलाइन अंगदान संकल्प अभियान की शुरुआत की और अंगदान करने का अपना संकल्प भी दर्ज कराया। अंगदान के पीछे गहरी सोच है। एक जीवन की यात्रा पूरी होने के बाद भी, यह किसी और के लिए नई शुरुआत बन सकता है।
- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

हार्दिक बधाई



शिल्प और निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर सभी को हार्दिक बधाई। हर घर में सुख-समृद्धि बनी रहे। मैं उन सभी श्रमिकों और कारीगरों के प्रति सम्मान व्यक्त करता हूँ जो मेहनत और कौशल से देश की प्रगति को आगे बढ़ाते हैं।
-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

लोकतंत्र में लूट



राजस्थान में लोकतंत्र को खुलेआम लूटा जा रहा है। मुख्यमंत्री कार्यालय का एक आईएएस अधिकारी कलेक्टरों और एसडीएम को धमका रहा है कि वे किसी भी तरह बीजेपी का बोर्ड बनवाएं। जो लोग मना करते हैं, उन्हें पुलिस ज़बरदस्ती उठा ले जाती है।
- **अशोक गहलोत,** पूर्व सीएम, राजस्थान

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रायपुर
शुक्रवार 18 सितंबर 2026
भाद्रपद शुक्ल पक्ष सप्तमी
वर्ष : 25, अंक : 59
पृष्ठ : 12+4 = 16 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 33.4
न्यून. 26.2

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

समाज का विक्रेता और समाज के अध्यक्ष का गांव

जानकारी मिली है कि ग्राम साजापाली राशन दुकान का वर्तमान विक्रेता विजय कुमार कोरवा, कोरवा समाज का ही है। इसके बाद भी अपने समाज के सदस्यों का राशन डकार गया। खास बात यह है कि वह गांव का उप सरपंच भी है। ऐसे में राशन पर डाका समाज के साथ गांव के लिए भी दुर्भाग्यपूर्ण है। इतना ही नहीं यहां कोरवा समाज का अध्यक्ष भी इसी गांव में रहता है। इसके बाद भी कोरवा समाज के सदस्यों को राशन के लिए भटकना पड़ता है।

जिले में करीब 115 पहाड़ी कोरवा परिवार

जिले में करीब 115 पहाड़ी कोरवा परिवार निवासरत हैं। धरमजयगढ़ के अलावा लैलूंगा और तमनार के किसी गांव में कुछ परिवार रहते हैं। हालांकि मूल रुप से धरमजयगढ़ में ही कोरवा परिवारों की संख्या ज्यादा है। इन परिवार के लिए शासन करोड़ों खर्च करती है, लेकिन हालात आज भी कुछ खास सुधरा नहीं है।

धरमजयगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत साजापाली की राशन दुकान में हेराफेरी

राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों के राशन पर डाका, 250 सदस्यों का ई-पॉश में अंगूठा लगवाने के बाद कर दिया गायब

धरमजयगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत साजापाली के एक मोहल्ले में बसे राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों 63 पहाड़ी कोरवा परिवार के करीब 250 सदस्यों का सरकारी राशन गायब हो गया है। यह कारनामा किया है वहां की सरकारी राशन दुकान चलाने वाले महिला स्व सहायता समूह की अध्यक्ष, सचिव और दो विक्रेताओं ने। बीते अगस्त महीने के ई-पॉश में इन पहाड़ी कोरवाओं का अंगूठा तो लगवा लिया गया, लेकिन उनको राशन नहीं दिया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खास खबर

इस मामले का तब खुलासा हुआ जब पुसौर के फूड इंस्पेक्टर चूड़ामणि सिदार ने जांच की। यहां करीब 196 राशन कार्डधारियों को अंगूठा लगवाने के बाद राशन दिया नहीं दिया गया है। साजापाली में कुल 509 राशन कार्डधारी हैं। जांच में 219.82 क्विंटल चावल, 8.57 क्विंटल शक्कर और 4.82 क्विंटल नमक की हेराफेरी सामने ⏭शेष पेज 5 पर

- महिला स्व सहायता समूह के अध्यक्ष, सचिव, वर्तमान व पूर्व विक्रेता के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज
- समूह की दो महिलाओं सहित 3 को धरमजयगढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार



अंगूठा लगवाकर राशन नहीं दिया

196 कोर्डधारियों का ई-पॉश में अंगूठा लगवाने के बाद भौतिक रुप से राशन नहीं दिया गया था। इसमें करीब 63 कोरवा परिवार के सदस्य भी शामिल हैं। करीब 9 लाख 86 हजार 196 रुपए के राशन हेराफेरी का मामला सामने आया है। संचालन एजेंसी के अध्यक्ष, सचिव, वर्तमान और पूर्व विक्रेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

-चूड़ामणि सिदार, फूड इंस्पेक्टर, जांच अधिकारी

27 फरार लोगों के खिलाफ चलेगा मुकदमा

विरल से विरलतम मामला इसलिए फांसी कोर्ट ने माना- साजिश रचकर नरसंहार

25 मई 2013 की वह शाम भारतीय लोकतंत्र और छत्तीसगढ़ के इतिहास का काला पन्ना साबित हुआ। देश के सबसे भीषण और जघन्य राजनीतिक हमले 'झीरम घाटी नरसंहार' को माओवादियों ने महज एक वारदात की तरह नहीं, बल्कि एक बेहद सोची-समझी सैन्य रणनीति के तहत अंजाम दिया था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी की चार्जशीट, खुफिया इनपुट्स और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों से इस खूनी साजिश की जो परतें खुली हैं वे आज भी रोंगटे खड़े कर देती हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कानूनी जंग और फैसले पर हरिभूमि लगातार...



झीरम नरसंहार पर 10 को मृत्युदंड

नक्सल हत्या में पहली बार फांसी की सजा

इस सबसे बड़े झीरमघाटी नक्सल नरसहांर में गिरफ्तार सभी 10 दोषियों को मृत्युदण्ड के साथ ही 50 रूपए का अर्थदण्ड भी लगाया गया है। न्यायालय ने मामले को विरलतम से विरल की श्रेणी में मानते हुए मौत की सजा सुनाई है। विशेष एनआईए कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा है कि विवेचना से स्पष्ट होता है कि घटना को अंजाम देने से पूर्व रेकी कर रिहर्सल किया गया था जिससे स्पष्ट होता है कि पूरी घटना पूर्व नियोजित ढंग से आशयपूर्वक की गई थी। कोर्ट ने इस मामले में 27 लोगों को फरार घोषित किया है। इनमें से कुछ मुठभेड़ में मारे जा चुके हैं। अब जैसे-जैसे फरार आरोपियों की गिरफ्तारी कर उन्हें पेश किया जाएगा उन पर मुकदमा चलेगा और मारे गए या मृत लोगों के बारे में थाने से रिपोर्ट मांगकर उनके नाम के केस का खात्मा होगा।

हरिभूमि फॉलोअप

अदालत ने कहा है कि घटना दिनांक 25 मई 2013 को कांग्रेस पार्टी की परिवर्तन यात्रा सुकमा से जगदलपुर की ओर प्रस्थान की थी जब काफिला झीरमघाटी के पास पहुंची तब घटनास्थल के पास एक तरफ पहाड़ी तथा दूसरी ओर खाई थी। परिवर्तन यात्रा को रोकने के लिए विस्फोटक पदार्थ का उपयोग कर पेड़ों की कटाई कर रास्ता जाम कर पहाड़ के उपर से गोली बारी की गई थी। इस दौरान मृतकों को नजदीक से गोली मारी गई है। इन गाड़ियों में 206 बुलेट मारे गए है। विवेचना से साफ होता है कि घटना को अंजाम देने से पूर्व रेकी कर रिहर्सल किया गया था जिससे स्पष्ट होता है कि पूरी घटना पूर्व नियोजित ढंग से आशयपूर्वक की गई थी। ⏭शेष पेज 5 पर

- *झीरम कांड के सभी दोषियों को 27 लोगों की हत्या पर मृत्युदण्ड के साथ 50 रुपए का अर्थदण्ड*
- *अलग अलग धाराओं में दिया गया कठोर कारावास का दण्ड*
- *हाईकोर्ट से दण्डादेश के निष्पादन के बाद सभी आरोपियों को मृत्यु होने तक फांसी पर लटकाने की मिली सजा*

झीरम हमले में शामिल अब भी 27 फरार

एनआईए कोर्ट ने झीरमघाटी हमले में अब भी 27 आरोपियों को फरार घोषित किया है। इनमें सोमा सोढ़ी उर्फ सुरेन्द्र उर्फ सुरिन्दर, बारसे सुक्का उर्फ देवाउर्फ देवन्ना, सप्पो हुंगा उर्फ विनोद, जयलाल मण्डावी, कुम्मे मोडियाम, पिप्पीरी तिरूपति उर्फ देवजी, पाका हनुमंथ उर्फ गणेश उईके, वैगुला अरूणा उर्फ माधवी उर्फ माधवक्का, मोडियम रमेश उर्फ लच्छु, तेलाम आयतु उर्फ आयतु डोड़ी, गीता पुनेम उर्फ गीता पोटाम, मंगली कोसा, मड्डा मड़कामी, सन्नु वेट्टी, भगत हेमला उर्फ बदरू, कामेश कवासी, कोरसा सन्नी उर्फ सन्नी कोरसाम, कोरसा सन्नु, सोमी पोट्टाम उर्फ सोनी पोट्टाम, कुरसाम सन्नी उर्फ कोसी उर्फ लच्छी, लक्खू पुनेम उर्फ गंगा पुनेम, कोरसा लक्खू, बदरू मोडियाम उर्फ मंगतु, सरिता काकेम उर्फ मिटकी, कुम्मा गोंदे उर्फ गुड्डु, हेमला मासा उर्फ संजय, तथा कवासी बदरू उर्फ सुखराम उर्फ गद्दाम बदरू शामिल है। हालाकिं इन नक्सलियों में कुछ की मुठभेड़ में मौत हो चुकी है।

शहरों में श्रमिक सुविधा केंद्र, ई रिक्शा खरीदने पर एक लाख की मदद



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

विश्वकर्मा जयंती पर राजधानी रायपुर के सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय श्रमिक महासम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्रमिकों के लिए तीन बड़ी घोषणाएं कीं। उन्होंने शहरों में काम की तलाश में पहुंचने वाले श्रमिकों के लिए आधुनिक श्रमिक सुविधा केंद्र बनाने, पंजीकृत श्रमिकों के लिए ई-बाइक सहायता योजना और असंगठित क्षेत्र के रिक्शा चालकों को ई-रिक्शा खरीदने के लिए मिलने वाली सहायता ⏭शेष पेज 5 पर

- 100 श्रमिक दीदियों को मिली ई-रिक्शा की चाबी, मुख्यमंत्री ने दिखाई हरी झंडी

रिक्शा चालकों की सहायता दोगुनी

असंगठित क्षेत्र के रिक्शा चालकों को ई-रिक्शा खरीदने के लिए दी जाने वाली सहायता राशि 50 हजार से बढ़ाकर एक लाख रुपए कर दी गई है। श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने बताया कि दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना के तहत ⏭शेष पेज 5 पर

श्रमिकों के बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाएगी सरकार

मुख्यमंत्री ने श्रमिक परिवारों के प्रतिभावान बच्चों की शिक्षा को लेकर सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के तहत प्रतिष्ठित निजी आवासीय विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा पाने वाले बच्चों की संख्या 100 से बढ़ाकर 200 कर दी गई है। दसवीं और बारहवीं में उत्कृष्ट ⏭शेष पेज 5 पर

नया पंजीयन कार्ड और वेबसाइट लॉन्च

मुख्यमंत्री ने नवीन उपकर कटौती वेबसाइट का शुभारंभ किया तथा पीवीसी और क्यूआर कोड युक्त नए श्रमिक पंजीयन कार्ड का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि तकनीक का इस्तेमाल प्रशासनिक सुविधा के साथ श्रमिकों की जिंदगी आसान बनाने के लिए होना चाहिए। सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर मुख्यमंत्री और हजारों श्रमिकों ने 'आशीर्वाद का दीया' भी जलाया।

श्रमिकों के लिए बनेंगे आधुनिक सुविधा केंद्र

शहरों में रोजगार की तलाश में अलग-अलग स्थानों पर एकत्र होने वाले श्रमिकों के लिए सर्वसुविधायुक्त आधुनिक श्रमिक सुविधा केंद्र बनाए जाएंगे। इन केंद्रों में बैठने की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, मोबाइल चार्जिंग सहित जरूरी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा , इससे काम की तलाश में शहर आने वाले श्रमिकों को सम्मानजनक और सुविधाजनक स्थान मिलेगा। इसके साथ ही प्रतिदिन लंबी दूरी तय कर काम पर जाने वाले पंजीकृत श्रमिकों के लिए ई-बाइक सहायता योजना शुरू करने की घोषणा की गई।

पाठक सूचना
हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का सामान्य कूपन
कल के अंक में देखें।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

12 घुसपैठियों को प्रवेश करने से रोका

गुवाहाटी। असम में 12 विदेशी नागरिकों को अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने से रोक दिया गया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि राज्य को 'जनसांख्यिकीय घुसपैठ के खतरे' से सुरक्षित रखने के लिए असम पुलिस की सराहना की। शर्मा ने एक पोस्ट में कहा, नजरें पूरी तरह सतर्क, कार्रवाई तेज! उनकी गतिविधियों पर नजर रखते हुए असम पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय सीमा से असम में 12 घुसपैठियों के अवैध प्रवेश को रोक दिया और इस तरह हमारे राज्य को जनसांख्यिकीय घुसपैठ के खतरे से सुरक्षित रखा। हालांकि, उन्होंने मूल देश जैसी जानकारी साझा नहीं की।

रूसी तेल पर अमेरिकी बैन बिल पास, भारत पर 100% टैरिफ का खतरा!



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका में रूस पर शिकंजा कसने की तैयारी अब भारत के लिए भी नई चुनौती बन सकती है। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने रूस पर कड़े प्रतिबंध लगाने वाले अहम विधेयक को 262-159 मतों से मंजूरी दे दी है। अब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्ताक्षर होते ही यह कानून बन सकता है। ऐसे में रूस से बड़े पैमाने पर कच्चा तेल खरीदने वाले भारत पर भी इसका सीधा असर पड़ने की आशंका है।

- भारत-चीन के साथ कई देशों पर लग सकता है अधिक टैरिफ

भारत ने दी कड़ी प्रतिक्रिया

भारत सरकार ने यूएस के रूस और ईरान पर नए प्रतिबंधों वाले कानून के पास होने का संज्ञान लिया है। भारत ने कहा है कि वह इस मामले में आगे होने वाले घटनाक्रम पर नजर रख रहा है। विदेश मंत्रालय ने कहा है, भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा के लिए अलग-अलग देशों से तेल और गैस खरीदना जारी रखेगा और बाजार में बदलाव के हिसाब से फैसले लेगा। भारत ने कहा कि इस मुद्दे पर हाल के महीनों में अमेरिकी अधिकारियों के साथ उच्च स्तर पर बातचीत हुई है। भारत ने अमेरिका को यह भी बताया है कि इन प्रतिबंधों का असर सिर्फ भारत-अमेरिका संबंधों पर नहीं, बल्कि पूरे अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार पर पड़ सकता है।

क्या करना चाहता है अमेरिका?

अमेरिका इस विधेयक के जरिए यूक्रेन युद्ध के बीच रूस के ऊर्जा और रक्षा क्षेत्रों पर आर्थिक दबाव बढ़ाना चाहता है। इसका मकसद रूस की ओर से प्रतिबंधों को पार करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले शैडो फ्लीट (गोपनीय टैंकरों के बेड़े) पर लगाम कसना है। यह कानून अमेरिकी राष्ट्रपति को रूस से कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस खरीदने वाले प्रमुख देशों पर 100% तक आयात शुल्क (टैरिफ) लगाने का कानूनी अधिकार देता है। रूसी ऊर्जा खरीदने वाले 10 देशों को चिह्नित किया गया है।

उधमपुर में आतंकवाद रोधी अभियान

जैश से जुड़े दो आतंकी मार गिराए, हिरासत में संदिग्ध

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के वन क्षेत्र में जारी आतंकवाद रोधी अभियान के दौरान पाकिस्तान के जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े दो संदिग्ध आतंकवादियों को मार गिराया गया और आतंकवादियों के एक संदिग्ध मददगार को हिरासत में लिया गया है। लगातार हो रही बारिश के बावजूद मजालता के ब्रातेल सोआन और खुब्बन इलाकों में सेना, पुलिस एवं केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का संयुक्त अभियान जारी है।



पाकिस्तानी नागरिक होने का संदेह

अधिकारियों ने कहा कि मारे गए दोनों आतंकवादियों के पाकिस्तानी नागरिक होने का संदेह है। मुठभेड़ स्थल से अमेरिका निर्मित 'एम4 कार्बाइन' और एक 'एके असॉल्ट राइफल' समेत भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किए गए हैं।

परीक्षा की तिथि जारी

एनटीए ने जारी की प्रस्तावित तिथि, जेईई-मेन का पहला चरण 22 और 28 जनवरी से

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने दिसंबर 2026 से मार्च 2027 तक आयोजित होने वाली परीक्षाओं का प्रस्तावित कार्यक्रम जारी कर दिया है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, दिसंबर 2026 से मार्च 2027 तक राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं का प्रस्तावित कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। ये तारीखें अस्थायी हैं और प्रशासनिक, शैक्षणिक, वैधानिक, व्यवस्थागत या अन्य अप्रत्याशित ⏭शेष पेज 5 पर

इन परीक्षाओं का भी प्रस्ताव

इस दौरान जिन अन्य परीक्षाओं के आयोजन का प्रस्ताव है, उनमें नेशनल इनिशिएटिव फॉर टेक्निकल टीचर्स ट्रेनिंग पार्ट 1 और 2, आर्मी कैडेट्स कॉलेज परीक्षा, एनआईएफटी प्रवेश परीक्षा, राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज परीक्षा, राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल परीक्षा, ऑल इंडिया सैनिक स्कूज परीक्षा शामिल हैं।

स्वास्थ्य मंत्रालय का प्रस्ताव

दवा दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाना होगा अनिवार्य

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने दवाओं की बिक्री पर निगरानी मजबूत करने के लिए दवा नियमावली, 1945 में संशोधन का प्रस्ताव रखा है। इसके तहत दवा की दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य किया जा सकता है। संशोधन का उद्देश्य अनुसूची एच, एच1 और एक्स में शामिल दवाओं की बिना वैध चिकित्सकीय पर्चे के अनधिकृत बिक्री और उन तक अनधिकृत पहुंच को रोकना है।



बढ़ेगी पादर्शिता और जवाबदेही

मंत्रालय ने कहा कि इस कदम से ऐसी दवाओं की अनधिकृत बिक्री और उस तक पहुंच पर रोक लगाने तथा दवा आपूर्ति श्रृंखला में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने में मदद मिलने की उम्मीद है। प्रस्तावित संशोधन जनस्वास्थ्य की सुरक्षा और नियामकीय निगरानी को मजबूत करने के प्रयासों का हिस्सा है।

चंद्रशेखरन तीसरी बार चुने गए चेयरमैन, नोएल ने किया विरोध

टाटा संस में 'चंद्र' राज रहेगा बरकरार!

एजेंसी ⏭ मुंबई

टाटा संस के निदेशक मंडल ने गुरुवार को एन चंद्रशेखरन को कार्यकारी चेयरमैन के रूप में पांच साल के एक और कार्यकाल के लिए पुनर्नियुक्त करने को मंजूरी दी। कंपनी को शेयर बाजार में सूचीबद्ध करने की दिशा में कदम उठाने का फैसला किया। हालांकि, टाटा संस में निर्णायक हिस्सेदारी रखने वाले टाटा ट्रस्ट के नोएल टाटा ने चंद्रशेखरन की पुनर्नियुक्ति के प्रस्ताव पर आपत्ति जताते हुए इसे 'अवैध' ⏭शेष पेज 5 पर

नोएल ने बताया अवैध

टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल एन टाटा ने निदेशक मंडल की बैठक में चंद्रशेखरन की पुनर्नियुक्ति का विरोध किया। ट्रस्ट ने कहा कि चंद्रशेखरन को टाटा संस के चेयरमैन के रूप में फिर नियुक्त करने का प्रस्ताव 'अवैध' है। चयन समिति को कंपनी के अंतर्नियमों के अनुरूप अपनी प्रक्रिया आगे बढ़ानी चाहिए। सूत्रों के अनुसार, नोएल टाटा ने चंद्रशेखरन की पुनर्नियुक्ति के खिलाफ मतदान किया, लेकिन प्रस्ताव बोर्ड में बहुमत से पारित हो गया।



इसलिए फिर बने चेयरमैन

टाटा संस ने कहा कि नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति (एनआरसी) ने चंद्रशेखरन के योगदान और टाटा समूह के व्यापक हितों को देखते हुए उनसे अपने फैसले पर पुनर्विचार करने तथा अगली बोर्ड बैठक में उनकी पुनर्नियुक्ति की सिफारिश करने का सर्वसम्मति से फैसला किया।

अब आगे क्या

सूत्रों ने कहा कि टाटा ट्रस्ट इस फैसले को आगे चुनौती दे सकता है। निदेशक मंडल का यह फैसला गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) के रूप में पंजीकरण समाप्त करने की टाटा संस की अर्जी आरबीआई द्वारा खारिज किए जाने के बाद आया है। इस फैसले से कंपनी की शेयर बाजार में सूचीबद्धता की संभावना फिर बढ़ गई है।

केंद्रीय मंत्रियों की 'चिंतन बैठक' 23 और 24 को

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शासन और नीति-निर्माण से जुड़े प्रमुख पहलुओं पर चर्चा करने तथा सुधारों पर विशेष ध्याने के लिये अगले सप्ताह केंद्रीय मंत्रिमंडल के साथ दो दिवसीय 'चिंतन बैठक' की अध्यक्षता करेंगे। 23 और 24 सितंबर को दिल्ली में आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी केंद्रीय कैबिनेट मंत्री शामिल होंगे। बैठक में शासन और नीति निर्माण से जुड़े अहम पहलुओं पर चर्चा होगी।
जिसमें सुधारों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। विचार-विमर्श का यह सत्र सभी कैबिनेट मंत्रियों को अगले सप्ताह बैठक की तैयारी और इसमें शामिल होने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में रहने को कहा गया है।

रोचक जानकारी

प्रत्यूष शर्मा

बच्चो, दुनिया में कुछ शहर ऐसे हैं जो खूबसूरती के साथ-साथ अपनी अनोखी भौगोलिक स्थिति के लिए भी मशहूर हैं। कोई शहर दो पहाड़ों की संकरी घाटी में बसा है, तो कोई दो महाद्वीपों में फैला हुआ है! कोई घने जंगलों से, कोई नदियों से तो कोई पहाड़ों और ग्लेशियरों से घिरा है। इतना ही नहीं, एक शहर तो पानी में तैरता हुआ भी है। ऐसे ही कुछ अनूठे शहरों के बारे में जानो।



अनूठी भौगोलिक स्थिति वाले विश्व के ये खूबसूरत शहर

पहाड़ों और ग्लेशियरों से घिरा लॉन्गयेरब्येन, नॉर्वे

लॉन्गयेरब्येन, नॉर्वे की एक बेहद अनोखी आर्कटिक बस्ती है। स्वालबार्ड द्वीपसमूह के स्पिट्सबर्गेन द्वीप पर स्थित यह बस्ती उत्तरी ध्रुव से करीब 1,316 किमी. दूर है। यह दुनिया के सबसे उत्तरी भाग में स्थित स्थायी आबादी वाली बड़ी बस्तियों में से एक है। यह बस्ती, जो एक शहर के रूप में बसी है, चारों तरफ से बर्फीले पहाड़ों और ग्लेशियरों और से घिरी है। लॉन्गयेरब्येन में दिन और रात के अनुभव बिल्कुल अलग होते हैं। सर्दियों में यहां कई हफ्तों तक सूरज नहीं निकलता, इसे पोलर नाइट कहते हैं। दूसरी तरफ गर्मियों में कई महीनों तक सूरज डूबता ही नहीं, इसे मिडनाइट सन कहते हैं। गर्मियों में आधी रात को भी बाहर ऐसा लग सकता है, जैसे दिन हो। *

घने जंगलों-नदियों से घिरा इक्विटोस, पेरू



बच्चो, तुम्हें यह जानकर आश्चर्य होगा, पेरू के अमेजन क्षेत्र के सबसे बड़े महानगर तक सड़क मार्ग से पहुंचा नहीं जा सकता। हम बात कर रहे हैं पेरू के एक शहर इक्विटोस की, जो अमेजन नदी के बाएं किनारे पर बसा है। यहां केवल हवाई या जलमार्ग से ही पहुंचा जा सकता है। इसका कारण यह है, यह स्थान घने जंगलों और नदियों से घिरा हुआ है। हालांकि शहर को बाहर से जोड़ने वाली कोई सड़क नहीं है, लेकिन शहर के चारों ओर सड़कें हैं। शहर से बाहर जाने वाली एकमात्र सड़क नौटा नामक छोटे कस्बे पर आकर रुक जाती है। इक्विटोस अमेजन के विविध पारिस्थितिक तंत्रों के संरक्षण के लिए जाना जाता है। *

तैरता हुआ प्राचीन शहर वेनिस, इटली



वेनिस, इटली का एक प्रसिद्ध और बेहद खूबसूरत शहर है। यह अपनी नहरों, ऐतिहासिक इमारतों और अनोखी जल-परिवहन व्यवस्था के लिए पूरी दुनिया में मशहूर है। वेनिस लगभग 118 छोटे-छोटे द्वीपों पर बसा है, जिन्हें सैकड़ों पुल आपस में जोड़ते हैं। यहां सड़क यातायात बहुत कम है। लोगों के आने-जाने के लिए नावों का विशेष महत्व है। इस शहर में पहुंचकर ऐसा लगता है मानो इसकी जलधाराएं ही इसकी सड़कें हों। असंख्य नहरें तरह-तरह की मोटर चालित नावों से भरी रहती हैं। 400 से अधिक पुलों द्वारा शहर बंधा हुआ प्रतीत होता है। यह प्राचीन तैरता हुआ शहर इंजीनियरिंग का एक अद्भुत नमूना है। *

गहरी घाटी के ऊपर बसा ला पाज, बोलीविया



बच्चो, एक ऐसे शहर की कल्पना करो, जो एक गहरी घाटी के ऊपर बसा हो। यह सुनने में अजीब लगता है न! ला पाज, बोलिविया का एक ऐसा शहर है, जो चोकेयापु नदी द्वारा निर्मित एक घाटी में बसा है। यह नदी शहर के बीचों-बीच बहती है। ऐसी भौगोलिक स्थिति से यह शहर अपने पहाड़ी और बेहद ऊबड़-खाबड़ भू-भाग के लिए जाना जाता है। यह समुद्र तल से लगभग 3,650 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है, जो इसे सबसे अधिक ऊंचाई वाला शहर बनाता है। *

दो महाद्वीपों में फैला शहर इस्तांबुल, तुर्किए



बोस्फोरस जलडमरूमध्य के दोनों ओर तुर्किए देश का सबसे बड़ा शहर इस्तांबुल बसा हुआ है। यह शहर एक ऐसी भौगोलिक स्थिति में विकसित हुआ है, जहां जलडमरूमध्य शहर को दो महाद्वीपों में विभाजित करता है। मतलब इस्तांबुल, एशिया और यूरोप दोनों में फैला हुआ है। इस तरह स्थित होने वाला यह एकमात्र शहर है। एक समय था, जब इस्तांबुल का नाम कॉन्स्टेंटिनोपल था, तब काला सागर और भूमध्य सागर के बीच व्यापार को सुगम बनाने के लिए इस स्थान का रणनीतिक रूप से चयन किया गया था। *

दुनिया का सबसे संकरा शहर यनजिन, चीन



अगर कोई शहर दो विशाल पहाड़ों के बीच संकरी घाटी से घिरा हो तो कैसा लगेगा, अनूठा ना! चीन का यंजिन काउंटी शहर कुछ ऐसा ही है। दुनिया के सबसे संकरे शहर के रूप में मशहूर यंजिन, यांग्त्जी नदी के किनारे बसी एक संकरी घाटी में बसा है। इस शहर के किनारे यांग्त्जी नदी घुमावदार रास्तों से होकर बहती है, जो इस शहर को और खूबसूरत बना देती है। इस शहर का सबसे संकरा हिस्सा सिर्फ 30 मीटर चौड़ा है। इमारतें एक-दूसरे से सटी हुई हैं। *

नन्ही सुबू को टीवी देखना और कहानी सुनना बहुत भाता है। इस दौरान भोली-भाली सुबू की बातें और हरकतें जिस तरह की होती हैं, किसी को भी हंसा सकती हैं। सुबू ऐसा क्या बोल या कर जाती है, तुम भी इसका मजा लो।

साउंड दो





छोटी कहानी

संजीव ठाकुर

सुबू अभी दो-ढाई साल की भी नहीं हुई है, लेकिन टीवी चल रहा हो तो अपना खेल छोड़कर टीवी के पास आकर खड़ी हो जाती है। उसकी आंख पर असर न हो, यह सोचकर पापा बड़े प्यार से उसे वहां से उठाकर ले आते हैं, सोफे पर अपनी गोद में बैठा लेते हैं। वह वहीं से टुकुर-टुकुर टीवी देखती रहती है। कार्यक्रम के बीच में जब ब्रेक होता है, पापा रिमोट से आवाज को म्यूट कर देते हैं। सुबू को लगता है कि कुछ तो हुआ है। वह पापा का मुंह देखने लगती है। फिर शायद उसे लगता है कि टीवी बंद हो गया है। वह जो थोड़े-बहुत शब्द सीख पाई है, उसी के सहारे अपनी बात रखती है, 'टीवी चलाओ!'

पापा उसे कहते हैं, 'टीवी तो चल ही रहा है, देखो!'

सुबू टीवी की ओर देखती है, फिर पापा की ओर। उसे कुछ समझ में नहीं आता है। तब पापा उसे समझाते हैं, 'टीवी तो चल ही रहा है, साउंड नहीं आ रहा है। बोलो- साउंड दो!'

धीरे-धीरे सुबू, 'साउंड दो' बोलना सीख गई। जब पापा टीवी की आवाज बंद कर देते हैं, तब वह कहती है, 'साउंड दो!'

सुबू को कहानी सुनने में भी खूब मन लगता है। रात को सोने से पहले पापा की गोद में चढ़कर वह मांग कर ही देती है, 'स्टोटी!' (स्टोरी) पापा रोज उसे स्टोरी सुनाते हैं। कभी-कभी तो खाना खाने के बाद जब वह मम्मी के पास रहने की जिद करती है और मम्मी को अपना काम पूरा करने में दिक्कत होती है, तब पापा बेड पर बैठकर बोलना शुरू कर देते हैं, 'एक समय की बात है...।' बस सुबू मम्मी का पीछा छोड़कर भागती हुई आती है और पापा की गोद में यह सोचकर चढ़ जाती है कि कहीं 'स्टोटी' खत्म न हो जाए! स्टोरी सुनते हुए उसकी खुशी की कोई सीमा नहीं रहती।

एक दिन पापा बहुत थके हुए थे। उनको कहानी सुनाने का बिल्कुल मन नहीं था। लेकिन सुबू कहां मानने वाली थी? वह पापा की गोद में सवार हो गई, 'स्टोटी!'

अब पापा क्या करते? उनको बोलने का बिल्कुल मन नहीं कर रहा था। बस उन्होंने बिना बोले, अपने होंठ हिलाने शुरू कर दिए। उन्होंने सोचा था कि इससे उनका काम चल जाएगा। सुबू को लगेगा कि पापा स्टोरी सुना रहे हैं। लेकिन सुबू को पापा के होंठ पटपटाने से संतोष नहीं हो रहा था। उसे यह भी पता चल गया था कि पापा क्या गड़बड़ कर रहे हैं?

थोड़ी ही देर में वह बोल पड़ी, 'साउंड दो न?' सुबू की बात सुनकर पापा ठठाकर हंस पड़े। अपनी थकान भूल वे साउंड देकर स्टोरी सुनाने लगे, 'एक समय की बात है। एक जंगल में एक शेर रहता था। उसके पास एक आईना था। वह उसमें हमेशा अपना मुंह देखा करता था। रात हुई। वह खाना खाकर आया। आईने में मुंह देखा, कंघी से अपने बाल संवारे और सो गया! अब सुबू भी सो जाएगी।' सुबू खुशी-खुशी पापा की गोद में ही सो गई। *

कविता / शादाब आलम

पेड़े फलते पेड़ों पर

सोच रहा हूं कहीं अगर
पेड़े फलते पेड़ों पर।
पेड़े की बगिया मैं जाता
तोड़-तोड़ कर पेड़े खाता
डाल पकड़ता और हिलाता
पेड़े झरते झर-झर-झर।
नहीं चींटियां घर में टिकतीं
पेड़े के पेड़ों पर दिखतीं
मजा नहीं आता खाने में
तब उनको मिसरी-शक्कर।
फिर पेड़े ठेले पर दिखते
नहीं दुकानों पर ये बिकते
लोग खरीदा करते इसको
ले जाते झोला भर-भर।
पेड़े वाले रामदुलारे
जाने क्या करते बेचारे
नहीं बनाते वे पेड़े तो
कैसे चलता उनका घर?



हंसगुल्ले



टीचर: तुम 18वीं सदी के वैज्ञानिकों के बारे में क्या जानते हो?
रोहन: सर, यही कि वे सब अब इस दुनिया में नहीं हैं।
-संजना, रायपुर

डॉक्टर: तुम घबरा क्यों रहे हो? अब तो तुम खतरे से बाहर हो।
राजेश: डॉक्टर साहब, जिस ट्रक से मैं टकराया था, उसके पीछे लिखा था- 'फिर मिलेंगे।'
-रोहित, बिलासपुर

मम्मी: रिंकू, तुमने दूध वाले का बिल देखा है?
रिंकू: मम्मी, क्या दूध वाले अंकल भी बिल में रहते हैं?
-नेहा, दुर्ग

जीके क्विज-223

1. जापान में होने वाले 20वें एशियाई खेल 2026 के आधिकारिक शुभंकर का क्या नाम है?
2. विश्व पर्यटन दिवस कब मनाया जाता है?
3. जॉर्जिया मेलोनी ने किस देश में सबसे लंबे समय तक लगातार प्रधानमंत्री बने रहने का रिकॉर्ड बनाया है?
4. हाल में किस राज्य में देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन वाली ट्रेन चलाई गई?
5. सम्राट अशोक किस ऐतिहासिक वंश का प्रसिद्ध शासक था?
6. अगला ब्रिक्स समिट किस देश में आयोजित किया जाएगा?
7. मानव शरीर में कौन-सा अंग रक्त को पंप करता है?
8. मध्य प्रदेश का उच्च न्यायालय किस शहर में स्थित है?
9. वायुमंडल में सबसे अधिक मात्रा में कौन-सी गैस पाई जाती है?
10. भारत के वर्तमान विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री कौन हैं?



बच्चो, जीके क्विज-223 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-222 का उत्तर : 1. जोहेरी मोला, 2. दिल्ली, 3. जापान, 4. दिल्ली, 5. स्मृति मंधाना, 6. 14 सितंबर, 7. भारत के मुख्य न्यायाधीश, 8. कालिदास, 9. राजस्थान, 10. एंपियर

जीके क्विज-222 का सही उत्तर देने वाले : अभय-बिलासपुर, अक्षित, झज्जर, सूर्य प्रताप-धमतरी, कबीर-हिसार, अंशिका-रायपुर, पूरब-बलौदा बाजार, हर्ष-रोहतक, प्रिया-धमतरी, कशिश-रायगढ़, ज्योति-दुर्ग, सचिन-रोहतक, दिशा-दुर्ग



कहानी

पुष्पा अंताणी

नन्ही धरा को जब पता चला कि सुनहरी मछली के शरीर के पिछले हिस्से में चोट लगने से काफी दर्द हो रहा है, तो उसने मछली को दर्द वाला तेल लगाकर मालिश करके, उसकी तकलीफ दूर करनी चाही। लेकिन सुनहरी मछली को पानी से निकालकर मालिश करना आसान ना था। तो क्या धरा उसकी तकलीफ दूर कर सकी?

नन्ही धरा



एआई इमेज

नन्ही धरा के घर के सामने एक छोटा-सा तालाब था। यह तालाब आस-पास रहने वाले सभी बच्चों को बहुत पसंद था। उसके चारों ओर खुली जगह थी। वहां बच्चे खेला करते थे। बच्चे अच्छी तरह खेल सकें, इसके लिए लोगों ने वहां रेत डलवा दी थी। तालाब बहुत सुंदर और स्वच्छ था। बच्चे भी वहां सफाई का ध्यान रखते थे। तालाब गहरा भी नहीं था, इसलिए उसमें बच्चों के डूबने का डर नहीं था। इसी वजह से माता-पिता अपने बच्चों को बिना किसी चिंता के वहां खेलने जाने देते थे। धरा भी हर रोज यहां खेलने आती और दोस्तों के साथ मजे करती थी। आज धरा खेलने आई, तब उसके दोस्त अभी तक नहीं आए थे। वह तालाब के पास गई। उसने पानी में एक बहुत ही सुंदर सुनहरी मछली देखी। मछली रो रही थी। उसकी दो सहेली मछलियों ने उसे पकड़ रखा था। धरा ने उससे पूछा, 'तुम रो क्यों रही हो?'

जवाब उसकी एक सहेली ने दिया, 'यह बहुत शरारती है। इसे छलांगें लगाने का बहुत शौक है।'

सुनहरी मछली ने भी बताया, 'आज छलांग लगाते समय मैं पानी में बड़े पत्थर से टकरा गई। मेरे शरीर के पिछले हिस्से में बहुत चोट लगी है। मेरी पूंछ मुड़ गई है। मुझे वहां बहुत दर्द हो रहा है।' इतना कहकर वह फिर से रोने लगी।

सुनहरी मछली की बात सुनकर धरा को अपनी दादी याद आई। उसने मछली से कहा, 'मेरी दादी के पैर में जब मोच आ जाती है या दर्द होता है, तब वह पार्वती आंटी को बुलाती हैं। आंटी तेल से उनकी मालिश कर देती हैं। दादी का दर्द धीरे-धीरे अच्छा हो जाता है। तुम भी तेल की मालिश करवा लो, तुम्हें भी अच्छा लगेगा।' मछली रुआंसी आवाज में बोली, 'पर मेरे पास तेल कहां है? और मेरी मालिश कौन करेगा?'

धरा बोली, 'हां, यह बात तो सही है।' फिर थोड़ा सोचकर बोली, 'रुको, मैं अपने घर से मालिश का तेल लेकर आती हूं। मैंने पार्वती आंटी को दादी की मालिश करते हुए देखा है। मैं तुम्हें मालिश कर दूंगी। मेरा घर यहीं पास में ही है। मैं अभी तेल लेकर आती हूं। तुम यहीं रुकना।' धरा दौड़ती हुई घर गई और दादी की मालिश वाले तेल की शीशी ले आई। तीनों मछलियां उसका इंतजार कर रही थीं। वापस आकर धरा ने सुनहरी मछली से कहा, 'अब तुम बाहर आ जाओ तो मैं तुम्हारी मालिश कर दूंगी।'

मछली बोली, 'मैं बाहर कैसे आऊं? पानी के बिना तो मैं जी नहीं सकती न!'

धरा को याद आया, वह बोली, 'हां, यह बात तो मैं भूल ही गई।'

थोड़ी देर सोचने के बाद उसे एक उपाय सूझा। वह आस-पास पड़े पत्थरों में से अपने काम का पत्थर खोजने लगी। एक वैसा ही पत्थर उसे मिल गया। उसने पत्थर का आधा हिस्सा पानी की सतह के अंदर रखा और आधा बाहर रखा। फिर उसने सुनहरी मछली से कहा, 'अब तुम अपना मुंह और आधा शरीर पानी के अंदर रखो और अपनी पूंछ इस पत्थर के सहारे बाहर रखो। ताकि मैं उस पर मालिश कर सकूं।'

सुनहरी मछली ने वैसा ही किया। उसने आधा शरीर पानी के अंदर और आधा पत्थर के सहारे बाहर रखा। धरा ने शीशी से थोड़ा तेल अपनी नन्ही हथेली में लिया। जैसे ही उसने मालिश करने के लिए मछली की पूंछ को छुआ, मछली दर्द से चीख उठी।

धरा ने प्यार से ढांढस बंधाया, 'शुरू में थोड़ा दर्द होगा, सह लो। फिर धीरे-धीरे अच्छा लगेगा।'

धरा अपनी तेल वाली कोमल अंगुलियों को मछली की पूंछ पर धीरे-धीरे फेरने लगी। मछली को सचमुच आराम मिलने लगा। थोड़ी ही देर में उसका दर्द पूरी तरह गायब हो गया। मछली बहुत खुश हो गई। वह हंसते हुए बोली, 'मैं ठीक हो गई! मैं ठीक हो गई! मुझे बहुत अच्छा लग रहा है!' उसकी दोनों सहेली मछलियां भी बहुत खुश हुईं। तीनों मछलियों ने धरा के प्रति आभार प्रकट किया।

धरा ने सुनहरी मछली से कहा, 'अब से शरारत मत करना और जहां-तहां छलांगें मत लगाना।'

सुनहरी मछली ने वादा किया, 'अब से मैं ऐसा कभी नहीं करूंगी।' फिर अचानक बोली, 'धरा रुकना, मैं अभी आती हूं।' इतना कहकर वह पानी में चली गई। जब वह वापस आई, उसके मुंह में एक बहुत ही सुंदर कमल का फूल था। उसने वह फूल धरा को दिया और बोली, 'लो, यह मेरी तरफ से तुम्हारे लिए उपहार। और सुनो, तुम हमसे मिलने आती रहना।'

धरा हंसते हुए बोली, 'हां, अब तो हम दोस्त बन गए हैं। मैं तुमसे मिलने जरूर आऊंगी।'

इतना सुंदर कमल का फूल पाकर धरा खुशी से झूमती हुई अपने घर चली गई। तीनों मछलियां भी खुशी-खुशी तालाब में सरक गईं। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

हंसाती-सीख देती रोचक कहानियां

बच्चो, झूला झूलने में बहुत मजा आता है, है न! जरा सोचो अगर तुमको किसी ऐसे झूले पर झूलने का मौका मिले, जो हंसने पर और जोर से झूलता हो, हवाई जहाज के सफर का एहसास कराता हो तो कितना मजा आएगा! कुछ समय पहले डॉ. विमला भंडारी की लिखी ग्यारह बाल कहानियों की किताब 'हंसने वाला झूला' छपकर आई है। इसकी शीर्षक कहानी में तुम पढ़ोगे कि पिंकी और उसका भाई चीकू अपने गांव में हंसने वाले झूले पर कितनी मस्ती करते हैं। वे ही नहीं गांव के बड़े-बूढ़े भी उस झूले का आनंद लेते हैं। किताब की एक कहानी 'बालकनी वाले वैज्ञानिक' में तुम आयुष्मान, रिया और शत्रुघ्न की साइंटिफिक शैतानी के बारे में पढ़ोगे। इसमें तीनों बच्चे किस तरह फ्लैट की बालकनी में लगे झूमर पर टोकरी बांधकर काल्पनिक अंतरिक्ष यात्रा करते हैं, यह पढ़कर तुम हंसे बिना नहीं रह पाओगे। साल दर साल गर्मी किस तरह हम सभी को बेचैन करती जा रही है और इसका क्या समाधान हो सकता है, इस विषय पर जागरूक करती एक कहानी है 'उफ्फ! ये गरमी'। किताब में एक प्यारी सी कहानी 'सुंदरी की नाव' भी तुम पढ़ोगे। इसमें नन्ही बच्ची सुंदरी को खुश करने के लिए बूढ़े हरनाम अंकल कैसी युक्ति लगाते हैं, यह पढ़कर तुम भी दूसरों की मदद करने के लिए जरूर प्रेरित होगे। 'बिरजू भैया का कुआं' कहानी भी यही संदेश देती है कि दूसरों की सुख-सुविधा के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। यह कहानी तुम्हें गुदगुदाएगी भी। किताब की शेष कहानियां भी मनोरंजन के साथ कोई न कोई अच्छा संदेश भी देती हैं। *



किताब : हंसने वाला झूला (बाल-कथा संग्रह), **लेखिका :** डॉ. विमला भंडारी, **मूल्य :** 350 रुपए, **प्रकाशक :** इंडिया नेटबुक्स प्रा. लि., नोएडा

अंतर बताओ

बच्चो, यहां फॉरेस्ट पार्क में मस्ती कर रहे एनिमल्स और बर्ड्स के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में पांच अंतर ढूंढ़कर बताओ।



उत्तर: 1. बंदर के पास पेड़ की डाल से केले लटक रहे हैं। 2. शेर ने हैट पहन रखा है। 3. हाथी ने अपनी सूंड में स्टारफिश पकड़ा हुआ है। 4. गिरगिट का रंग बदला हुआ है। 5. ऊपर आकाश में एक पक्षी उड़ रहा है।

मिलान करो

बच्चो, यहां बाईं तरफ बर्ड और एनिमल्स के चित्र दिए गए हैं। दाईं तरफ उन चित्रों की परछाइयां दी गई हैं, जो क्रम में नहीं हैं। तुम पेंसिल या पेन की सहायता से चित्र और परछाई का सही मिलान करो।



उत्तर: 1-E, 2-D, 3-A, 4-B, 5-C



महाकाव्य श्री रामायण कथा का ट्रेलर रिलीज

नई दिल्ली। एक तरफ जहां रणबीर कपूर स्टारर 'रामायणम' को लेकर धूम मची हुई है, वहीं दूसरी तरफ एक और रामायण यानी 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' रिलीज की तैयारी में जुटी है। 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ये फिल्म रणबीर की 'रामायण' से पहले रिलीज हो रही है। इस फिल्म में अंजलि अरोड़ा देवी सीता के रूप में नजर आ रही हैं और देव शर्मा भगवान राम के रूप में दिख रहे हैं। वहीं, फिल्म में रजनीश दुग्गल रावण का रोल निभाते दिख रहे हैं। बता दें कि 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' का निर्देशन अभिषेक सिंह ने किया है। वहीं, इसे प्रकाश महोबिया और संजय बुंदेला ने प्रड्यूस किया है।

लाइफ Style

अंजलि

हर किसी को पसंद या नापसंद करने का अधिकार

कुछ समय पहले रामायण पर ही आधारित एक फिल्म का ट्रेलर आया था, जिसकी काफी ज्यादा आलोचना हुई थी। इसका नाम था महाकाव्या श्री रामायण कथा। इसमें देव शर्मा, अंजलि अरोड़ा और रजनीश दुग्गल नजर आने वाले हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंजलि अरोड़ा का काफी मजाक बना जो इसमें सीता का रोल निभा रही हैं। लोग अंजलि को कच्चा बादाम गर्ल के तौर पर जानते हैं, जिनकी डांस रील काफी ज्यादा वायरल हुई थी। अब चूंकि अंजलि माता सीता का रोल निभा रही हैं तो फैंस को ये थोड़ा अजीब लगा। 17 तारीख को इसका ट्रेलर लॉन्च हुआ तो अंजलि ने इस मामले में अपनी चुप्पी तोड़ी। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें ट्रोलिंग से बुरा लगा, तो अभिनेत्री ने कहा 'नहीं, मुझे बुरा नहीं लगा, क्योंकि हम पब्लिक फिगर हैं और जनता हमें जज कर सकती है। यह उनकी मर्जी है कि वो हमें पॉजिटिव रिव्यू देती है या नेगेटिव रिव्यू देती है। हर किसी को इसे पसंद करने या नापसंद करने का अधिकार है। हम अभिनेता हैं, हमें जो भी किरदार दिया जाता है, हम उसे अपना 100 प्रतिशत देते हैं। उन्होंने आगे कहा, 'एक बार जब यह जनता के सामने आ जाता है, तो यह उनका फैसला है कि वे इसे कैसे देखते हैं। मैंने सीता मां का किरदार निभाया है और अब, ट्रेलर देखने के बाद, क्या आपको लगता है कि वह वही अंजलि हैं जिन्हें हम सोशल मीडिया पर देखते हैं? मेरा एकमात्र उद्देश्य यह है कि जब दर्शक फिल्म देखें, तो वे मेरी पर्सनल लाइफ और पर्सनालिटी को एक तरफ रख दें।'



हॉलीवुड मसाला



स्पाइडर मैन ने बनाया रिकॉर्ड...

लॉस एंजिल्स। स्पाइडर मैन ब्रांड न्यू डे फिल्म ने नॉर्थ अमेरिका में एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज कर लिया है। ये फिल्म नॉर्थ अमेरिका के इतिहास में अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक नॉर्थ अमेरिका में इस फिल्म का अनुमानित कलेक्शन 8991 करोड़ रुपये का हो चुका है। अब तक के इतिहास में कोई भी फिल्म नॉर्थ अमेरिका में इतनी कमाई नहीं कर सकी. वहीं फिल्म ने स्टार वॉर्स द फोर्स अवेकन्स का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है।



पेरिस लूट मामले में अमेरिकी स्टार की जीत

लॉस एंजिल्स। साल 2016 में पेरिस के एक होटल में किम कार्दशियन के साथ लूटपाट की घटना घटी थी। इस मामले में पेरिस की एक अदालत ने अभिनेत्री को एक यूरो (1.15 अमेरिकी डॉलर) का मुआवजा दिया है। पेरिस की एक अदालत ने किम कार्दशियन को 1 यूरो (1.15 अमेरिकी डॉलर) का मुआवजा देने का फैसला सुनाया। यह वही रकम है, जिसकी मांग उन्होंने 2016 में फ्रांस की राजधानी में हुई हथियारबंद लूट का शिकार होने के बाद की थी। इस मामले से जुड़े एक वकील ने यह जानकारी दी है। बता दें कि भारतीय धनराशि में यह रकम करीब 110.71 रुपए है। अदालत ने पेरिस लूट मामले में किम को यह हर्जाना प्रतीकात्मक रूप में दिया है। किम कार्दशियन ने अदालत से सिर्फ एक यूरो की ही मांग की थी।



गायिका सुब्बुलक्ष्मी पर फिल्म का ऐलान

मुंबई। बुधवार को बेंगलुरु में महान कर्नाटक शास्त्रीय गायिका एमएस सुब्बुलक्ष्मी की 110वीं जयंती के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। यहां कमल हासन ने गायिका की बायोपिक का आधिकारिक ऐलान किया, जिसमें रश्मिका मंदाना लीड भूमिका अदा करेंगी। एमएस अम्मा की बायोपिक का टाइटल 'एमएस - ए लेगेसी ऑन स्क्रीन' है। इसमें रश्मिका मंदाना सुब्बुलक्ष्मी का किरदार निभाने वाली हैं। सुपरस्टार कमल हासन ने इस फिल्म को लॉन्च किया। इवेंट में दिग्गज अभिनेता ने महान गायिका के किरदार को निभाने के दबाव की तुलना माइकल जैक्सन का किरदार निभाने से की। कमल हासन का कहना है कि इस रोल को निभाने में वैसा ही दबाव महसूस होता है, जैसा माइकल जैक्सन जैसे ग्लोबल आइकॉन का किरदार निभाते समय किसी एक्टर को होता।



म्यूजिक का शाहरुख हूं गुस्सा सलमान वाला

मुंबई। सिंगर-कंपोजर अमाल मलिक का गुस्सा किसी से छिपा नहीं है। वे कई मौकों पर ट्रोल्स के घेरे में रहे हैं, लेकिन उन्हें करारा जवाब भी देते रहे हैं। इस बार मामला 'मैं हूं हीरो तेरा' गाने से जुड़ा है। सलमान खान फिल्म्स ने इस गाने के 10 साल पूरे होने पर सोशल मीडिया पर इससे जुड़ा पोस्ट शेयर किया। अमाल ने कहा- मैं एक-एक को एक्सपोज करूंगा अगर यहां किसी ने मेरे परिवार वालों के खिलाफ कुछ भी कहा। इसके अलावा अगर फिल्म इंडस्ट्री से कोई भी बिना किसी कारण के मेरे और मेरे अपनों के खिलाफ खड़ा होता है तो देख लेना मैं सामने आऊंगा। म्यूजिक का शाहरुख हूं मैं, लेकिन मेरा गुस्सा सलमान खान और संजय दत्त वाला है। ये सब दूसरों के साथ चलता होगा, डब्बू मलिक और उनकी फैमिली के साथ बिल्कुल नहीं।

टीवी मसाला



राइज एंड फॉल 2 में नजर आएंगी प्रियंका और स्वारा

नई दिल्ली। प्राइम वीडियो का रियलिटी शो राइज एंड फॉल अपना दूसरा सीजन लेकर आ रहा है। पिछले साल जब ये शो आया था तब काफी चर्चा में रहा था। दर्शकों की तरफ से भी इसे अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। पिछले सीजन को अशनीर ग्रोवर ने होस्ट किया था। लेकिन, इस बार पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग शो को होस्ट करने वाले हैं। पर सहवाग की एंट्री के बाद शो को लेकर पहले से ही एक्साइटमेंट थी और अब उन्होंने शो के पहले चार कंटेस्टेंट्स के नाम भी सामने ला दिए हैं। इससे पहले शो के होस्ट वीरेंद्र सहवाग ने कंटेस्टेंट्स को लेकर छोटे-छोटे हिंट दिए थे, जिससे दर्शक उनके नाम का अंदाजा लगा सकें। अब सामने आए ट्रेलर में शो के पहले चार कंटेस्टेंट्स से पर्दा उठ गया है। इनमें स्वरा भास्कर, शहजाद पूनावाला, प्रियंका चाहर चौधरी और करण पटेल शामिल हैं। ये शो में शामिल होने वाले कुल 15 कंटेस्टेंट्स में से पहले चार नाम हैं। ट्रेलर में चारों कंटेस्टेंट्स एक-दूसरे पर अपने खास अंदाज में तंज कसते नजर आ रहे हैं। सभी अपने-अपने तरीके से खेल में आगे बढ़ने की तैयारी करते दिखे, जिससे शो में होने वाले ड्रामे की झलक भी मिलती है। प्रियंका चाहर चौधरी की बात करें तो, वो टीवी एक्ट्रेस हैं और बिग बॉस 16 में भी नजर आई थीं। शो में उनके गेम को सलमान खान ने भी सराहा था। अब राइज एंड फॉल सीजन 2 का हिस्सा बनने को लेकर प्रियंका ने कहा कि उन्होंने अलग-अलग तरह के रियलिटी शो किए हैं, लेकिन यह शो उनके लिए बिल्कुल अलग अनुभव होने वाला है। उनके मुताबिक, इस गेम में एक कंटेस्टेंट का रूलर से वर्कर बन जाना और अपने फैसलों के दम पर अपनी स्थिति बदलना काफी दिलचस्प है। इसके अलावा स्वरा भास्कर भी शो में नजर आने वाली हैं।

माही ने तोड़ा यंग का दिल, फूट-फूट कर रोए

नई दिल्ली। 'बिग बॉस 20' के घर में लड़ाई-झगड़ों का दौर खत्म होता नहीं दिख रहा। हर टास्क और उसके बाद कंटेस्टेंट भिड़ जाते हैं। इस बार यंग और माही विज आमने सामने हैं। माही की बातों से यंग फूट-फूट कर रोए हैं। सलमान खान के रिएलिटी शो बिग बॉस सीजन 20 में कब, कौन किसका दोस्त और कौन किसका दुश्मन बन जाए, अंदाजा लगाना मुश्किल है। एक दिन पहले तक जो माही विज और यंग डीएसए एक दूसरे के सबसे करीब नजर आ रहे थे। यंग माही को अपनी बहन और मां बोल रहे थे, आज वहीं यंग और माही एक-दूसरे के खिलाफ होते दिखाई दे रहे हैं। माही ने जो यंग के लिए कहा, उसे जानने के बाद उनका दिल टूट गया और वो शो में फूट-फूट कर रोते नजर आ रहे हैं।



हनुमान अंश के बाद चमकी चंदन की किस्मत, मॉन्सटर में हुई एंट्री



नई दिल्ली। कभी कभी किस्मत हमारे लिए ऐसी राह बना रही होती है कि हम उतनी दूर का सोच ही नहीं पाते। हनुमान अंश के एक एक्टर के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ है। कहां तो उन्होंने एक छोटे बजट की फिल्म साइन की। उस वक्त शायद किसी के दिमाग में कहीं दूर- दूर तक ये खयाल नहीं आया होगा कि ये फिल्म इतनी सक्सेसफुल हो सकती है, लेकिन देखिए हनुमान अंश बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ के करीब है। वहीं, फिल्म एक एक्टर को एक बड़ी फिल्म भी मिल गई है। हनुमान अंश में डाक्टर राम नंदन भोसले का किरदार निभाने वाले चंदन के आनंद की बात कर रहे हैं। क्योंकि, हनुमान अंश के बाद अब इन्हें दबंग खान के साथ फिल्म मिली है। खबर है कि चंदन के आनंद की एंट्री सलमान खान की फिल्म मॉन्सटर में हो गई है। चंदन के आनंद ने खास बातचीत में अपनी अगली फिल्म को ऑफीशियली कनफर्म किया है।

'फूलन' को टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में मिला स्टैंडिंग ओवेशन

नई दिल्ली। रिची मेहता की फिल्म 'फूलन' को टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया। इंटरनेशनल प्रीमियर के दौरान इसे स्टैंडिंग ओवेशन मिला। चंबल के बीहड़ों से निकलकर संसद तक का सफर तय करने वाली दस्यु सुंदरी फूलन देवी के जीवन पर आधारित फिल्म 'फूलन' टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में छा गई। कनाडाई फिल्ममेकर रिची मेहता निर्देशित इस फिल्म का समारोह में प्रीमियर हुआ। इस दौरान वहां मौजूद दर्शकों ने फिल्म को स्टैंडिंग ओवेशन दिया।



कनाडाई फिल्म निर्माता-निर्देशक रिची मेहता की फिल्म 'फूलन' का वर्ल्ड प्रीमियर 16 सितंबर 2026 को 51वें टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हुआ। फूलन के जीवन पर आधारित फिल्म देख लोग भावुक हो गए। दो हजार से अधिक दर्शकों की मौजूदगी में फिल्म को स्टैंडिंग ओवेशन मिला। इस फिल्म को फेस्टिवल के 'स्पेशल प्रेजेंटेशन' सेक्शन के तहत मशहूर 'प्रिंसेस ऑफ वेल्स थिएटर' में दिखाया गया। इस हिंदी एक्शन ड्रामा फिल्म में स्नेहा कुमारी ने फूलन देवी का किरदार निभाया है। अनुराग ठाकुर, विक्रम प्रताप सिंह, आकाश दहिया, प्रतीक पचौरी और देव दत्त बुढोलिया भी फिल्म में अहम भूमिकाओं में हैं। 'फूलन' फिल्म फूलन देवी की आत्मकथा, 'आई, फूलन देवी- द ऑटोबायोग्राफी ऑफ इंडियाज बैंडिट क्वीन' पर आधारित है। यह फिल्म उनके जीवन के एक अहम 48 घंटों पर केंद्रित है, जब उन्हें लगभग 2,000 हथियारबंद लोगों के एक समूह ने घेर लिया था।



मोदी के जन्मदिन पर कांग्रेस का हमला

'सेवा संकल्प' के बजाय बेरोजगारी महंगाई पर केंद्र सरकार को घेरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा द्वारा आयोजित 'सेवा संकल्प अभियान' को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर शहर और ग्रामीण के संयुक्त प्रेसवार्ता में कांग्रेस नेताओं ने 17 सितंबर को 'बेरोजगारी दिवस, महंगाई दिवस, वादा खिलाफी दिवस और किसान धोखा दिवस' के रूप में मनाने की बात कही। स्मार्ट सिटी, कोविड लॉकडाउन, विदेशों में जमा काला धन वापस लाने के कथित वादे सहित विभिन्न मुद्दों पर भी केंद्र सरकार से जवाब मांगा गया।

- कांग्रेस ने बेरोजगारी महंगाई, वादा खिलाफी और किसान धोखा दिवस के रूप में मनाया

कांग्रेस नेताओं ने कहा, प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर उत्सव और सेवा कार्यक्रमों के बजाय सरकार को युवाओं, किसानों, महिलाओं और आम जनता से जुड़े सवालों का जवाब देना चाहिए। भाजपा जहां प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर 'सेवा संकल्प' कार्यक्रम आयोजित कर रही है, वहीं कांग्रेस बेरोजगारी, महंगाई, किसानों और सरकार के कथित वादाखिलाफी के मुद्दों को जनता के बीच उठाएगी। पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने रोजगार, महंगाई और किसानों से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए कहा, चुनाव के दौरान किए गए वादों और उनकी जमीनी स्थिति पर सरकार को जनता के सामने जवाब देना चाहिए। उन्होंने किसानों और मजदूरों से जुड़े मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए।

जवाबदेही का मुद्दा उठाएगी कांग्रेस

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भाजपा प्रधानमंत्री के जन्मदिन को 'सेवा संकल्प दिवस' के रूप में मना रही है, लेकिन जनता बेरोजगारी, महंगाई और आर्थिक परेशानियों से जूझ रही है। उन्होंने स्वच्छता अभियान, मेक इन इंडिया, स्मार्ट सिटी, पर्यावरण संरक्षण और पेड़ों की कटाई जैसे मुद्दों पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा, कांग्रेस जनता से किए गए वादों की समीक्षा और जवाबदेही का मुद्दा उठा रही है।

केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल

रायपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, बेरोजगारी और महंगाई आम परिवारों की प्रमुख चिंताएं हैं। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था और मीडिया की स्वतंत्रता से जुड़े सवाल भी उठाए। मेनन ने गौ संरक्षण तथा गौमांस निर्यात पर रोक के मुद्दे को लेकर भी केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल खड़े किए। ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र 'पप्पू' बंजारे ने किसानों से किए गए वादों, कृषि लागत, खाद-बीज की उपलब्धता, धान खरीदी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़े मुद्दे उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि बड़े उद्योगपतियों के कर्ज माफ किए जा रहे हैं, जबकि आम लोगों पर कर्ज और महंगाई का बोझ बढ़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने इन आरोपों के संबंध में सरकार से जवाब मांगा।

हाईकोर्ट से भूपेश को झटका, चुनाव याचिका के खिलाफ अर्जी खारिज

बिलासपुर। प्रदेश के पाटन विधानसभा चुनाव से जुड़े मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की ओर से दायर आवेदन को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। पाटन विधानसभा से बतौर भाजपा प्रत्याशी चुनाव हारने के बाद विजय बघेल ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए चुनाव याचिका दायर की है। इस चुनाव याचिका को खारिज करने भूपेश ने हाईकोर्ट में आवेदन लगाया था।

वाहन की टक्कर से दो भाइयों की मौत

बिलासपुर। 16 सितंबर को ग्राम भटगांव निवासी बरातुदास मानिकपुरी अपने भाई चंदु मानिकपुरी व प्रीतम दास मानिकपुरी के साथ दमाद के घर गए थे। वहां से लौटने के बाद प्रीतम दास मानिकपुरी के घर के पास बाइक खड़ी कर वे बातचीत कर रहे थे। उसी दौरान वाहन ने अपने चपेट में ले लिया। इससे तीनों घायल हो गए। बिल्हा अस्पताल में डाक्टर ने परिक्षण के बाद बरातुदास, प्रीतमदास मानिकपुरी को मृत घोषित कर दिया। वहीं चंदूदास मानिकपुरी का इलाज चल रहा है।

डॉ.वाघानी
दर-दाँत गम पेंट
दर-दाँत (गम पेंट) असली केंदवा मलहम
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें।
क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर, क्षेत्र संकार्य प्रभाग, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार, सेवानिवृत्त अधिकारियों से 'कंसल्टेंट' के रूप में अनुबंध आधार पर प्रारंभिक 12 माह की अवधि हेतु नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित करता है ।

2. पात्रता, कार्य का स्वरूप, नियम एवं शर्तें एवं आवेदन प्रपत्र का विवरण मंत्रालय की वेबसाईट **https://www.mospi.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती है।

3. आवेदन प्रस्तुति की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2026 है। पात्र सेवानिवृत्त अधिकारी अपना आवेदन ई-मेल **ro.rpr-fod@nic.in** पर कर सकते हैं।

स्थान : रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 18.09.2026

अग्रवाल सचिता राकेश
उपनिदेशक
ई-मेल : ro.rpr-fod@nic.in

CBC-39124/11/0001/2627

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग
नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
दूरभाष (का.) 0771-2439564, 0771-2331204, वेबसाईट: www.psc.cg.gov.in

क्रमांक/GENS-2101/5669/2026/Exam /347
नवा रायपुर दिनांक: 16 SEP 2026

-: सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी परीक्षा 2026 :-

सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी परीक्षा 2026 दिनांक 20.09.2026 को जिला सरगुजा (अंबिकापुर), बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर (जगदलपुर) एवं रायपुर (छ.ग.) के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। जिसकी समय सारणी निम्नानुसार है : -

DATE	DAY	TIME	SUBJECT
20.09.2026	SUNDAY	10.00 AM TO 01.00 PM	art - 1 (General Knowledge) Part - 2 (Law)

उक्त परीक्षा हेतु आयोग द्वारा प्रवेश पत्र दिनांक 08.09.2026 को जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट www.psc.cg.gov.in से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है। आयोग कार्यालय द्वारा किसी भी अभ्यर्थी को पृथक से प्रवेश पत्र अथवा प्रवेश पत्र जारी किए जाने संबंधी कोई सूचना या SMS व्यक्तिशः नहीं भेजा जायेगा।

परीक्षा नियंत्रक
छ.ग. लोक सेवा आयोग
नवा रायपुर अटल नगर

G-262703344/1

कार्यालय प्राचार्य
शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय
रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.)
फोन न. 0771-2222990, वेबसाईट www.govtdentalcollegeraipur.in

क्रमांक/ 4240 / जीडीसी/पु.नि.प.प./2026-27 रायपुर/ दिनांक 16/9/2026

निविदा आमंत्रण सूचना

शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के लिये वर्ष 2026-2027 में ग्रंथालय के उपयोग हेतु वर्ष- 2026 के जर्नल्स क्रय हेतु मोहरबंद निविदायें, निर्माताओं तथा उनके अधिकृत विक्रेताओं (Dealers or sub- से आमंत्रित dealers) की जाती है। निविदा प्रपत्र की वेबसाईट महाविद्यालय www.govtdentalcollegeraipur.in से डाउनलोड किये जायेगें। इसके लिये राशि रू. 500 = 00 बैंक ड्राफ्ट (राष्ट्रीयकृत बैंक का) जो प्राचार्य, शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.) के नाम पर देय हो संलग्न करना अनिवार्य है अथवा राशि रू. 500 = 00 बैंक ड्राफ्ट (राष्ट्रीयकृत बैंक का) तैयार कर महाविद्यालय से दिनांक 26/10/2026 तक निविदा प्राप्त किया जा सकते हैं। जो वापसी योग्य नहीं है।

निविदा बिक्री की अंतिम तिथि	-	26/10/2026 समय 5.30 बजे सायंकाल तक
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि	-	27/10/2026 समय 5.30 बजे सायंकाल तक
निविदा खोलने की तिथि	-	28/10/2026 समय दोपहर 12.00 बजे
निविदा जमा करने का स्थान	-	शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर
निविदा खोलने का स्थान	-	शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.)

प्राचार्य
शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)

G-262703331/2

छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड
(छत्तीसगढ़ शासन, ग्रामोद्योग विभाग)
एल. के. कॉर्पोरेट एण्ड लॉजिस्टिक पार्क, प्रथम तल, डूमरतराई, रायपुर (छ.ग.)
Phone/Fax : 0771-2252334 Email:- cghandicrafts@gmail.com
Website:- www.cghandicraft.cgstate.gov.in

क्र. / GENS-11/8454/2026 रायपुर, दिनांक : 11.09.2026

-: ई-ब्रोशर एवं कैटलॉग तैयार करवाये जाने क्रिएटिव एजेंसी

चयन करने बाबत निविदा आमंत्रण सूचना:-

छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड द्वारा प्रदेश के हस्तशिल्प एवं कलाकृतियों को विभिन्न प्लेटफार्मों के माध्यम से अधिकाधिक विक्रय एवं प्रचार-प्रसार किये जाने के उद्देश्य से ई-ब्रोशर एवं कैटलॉग तैयार करवायें जाने क्रिएटिव एजेंसी चयन हेतु ऑनलाइन निविदा (जैम पोर्टल के माध्यम से) आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं शर्तों का अवलोकन छ.ग शासन के वेबसाइट www.cgstate.gov.in पर किया जा सकता है, तथा निविदा जैम पोर्टल के माध्यम से भी डाउनलोड की जा सकती है। इच्छुक निविदाकार नीचे दर्शित समय-सारणी अनुसार निविदा प्रस्तुत कर सकते है।

निविदा संख्या एवं दिनांक	GEM/2026/B/8029611
निविदा प्रकाशन की तिथि	11.09.2026
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि	03.10.2026
अमानत राशि	30,000/- तीस हजार रू.मात्र
निविदा खोलने की तिथि एवं समय	04.10.2026, 03:00:00 PM

प्रबंध संचालक
छ.ग. हस्तशिल्प विकास बोर्ड
रायपुर (छ.ग.)

S-49077/1

कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक/डॉ.भी.अ.चि./क्रय/2026/13165
रायपुर दिनांक: 16/09/2026

-: "ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम निविदा आमंत्रण सूचना" :-

डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर के मेडिकल गैस प्लांट हेतु मेडिकल गैस सिलिंडरों के रिफलिंग हेतु द्वितीय ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की गई है। निम्नानुसार निविदाओं का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर निम्नानुसार देखा जा सकता हैं।

DATE	BID SUBMISSION START DATE	BID DUE DATE	PHYSICAL FDR SUBMISSION END DATE	BID OPEN DATE (SCHEDULED)
198771 MEDICAL GAS REFIILING	21 SEP 2026 5:30:00 PM IST	06 OCT 2026 12:00:00 PM IST	06 OCT 2026 12:30:00 PM IST	06 OCT 2026 01:00:00 PM IST

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति
चिकित्सालय रायपुर (छ. ग.)

G-262703337/1

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, पाटन के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202608104500008

विषय:- अ-19(3) सन :-2025-2026

मामले की श्रेणी : राजस्व

पाहंदा प.ह.न. 00002 [1041/1 (14.5190 हे0)]

पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, कार्या. कार्यपालन अभियंता (संचा/संधा) संभाग, छत्ती. स्टेट पा. डिस्ट्री कम्प. लिमि., पाटन,

अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम पाहन्दा प.ह.नं. 02 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर आबंटन शाखा दुर्ग के पत्र पृ.क्र. 3687/ आबंटन दुर्ग दिनांक 10.06.2026 के अनुसार आवेदक छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड कार्या. कार्यपालन अभियंता (संचा/ संधा) संभाग, छत्ती. स्टेट पा. डिस्ट्री. कम्प. लिमि., पाटन पिता/पति / विभाग- पता - छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड कार्या. कार्यपालन अभियंता (संचा/ संधा) संभाग, छत्ती. स्टेट पा. डिस्ट्री कम्प. लिमि., पाटन द्वारा ग्राम पाहंदा अ पटवारी हल्का नंबर 02 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 1041 / 1 रकबा 14.519 हे. का टुकड़ा 0.40 हे./1.00 एकड़ भूमि को 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेन्द्र (सब-स्टेशन) निर्माण हेतु भूमि आबंटन किये जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा / आपत्ति हो तो अपनी लिखित दावा / आपत्ति प्रकरण मे सुनवाई तिथि 08.10.2026 तक इस न्यायालय मे प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/08/2026 को जारी किया जाता है।

MANOJ KUMAR RASTOGI
अतिरिक्त तहसीलदार
तहसील पाटन

S-49076/1 मुहर

कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड
"सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन" सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर-492018
फोन-0771-2990592, email-mdcgmandiboard@gmail.com, website-www.agriportal.cg.nic.in

क्र. / बी-6 / धा.उ.के. बेमेतरा / 477 / 2026-27 / 3488 रायपुर, दिनांक: 17/09/2026

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in

कृषि उपज मंडी समिति बेमेतरा जिला बेमेतरा अंतर्गत छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड द्वारा ऑनलाईन निविदाएं छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारो से प्रपत्र 'अ' प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

ऑनलाइन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 12.10.2026
फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि - 19.10.2026

क्र.	कार्य का नाम/स्थल	अनुमानित लागत (लाख में)	एस.ओ.आर विवरण
1	जिला बेमेतरा वि.ख. बेमेतरा अंतर्गत धान उपार्जन केन्द्र केशडबरी, पाहंदा, लावातरा, गनिया (तिलईपार), लुक, बिटकुली में पक्का फड़ एवं 200 मे. टन गोदाम निर्माण।	123.96	लो.नि.वि.भवन कार्य दिनांक 01.01.2015, विद्युत कार्य दिनांक 01.07.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर.पर।
2	जिला बेमेतरा वि.ख. साजा अंतर्गत ग्राम/ग्राम पंचायत कुर्रा, मासुलगोंदी, पेलेनी, केशतरा में सामुदायिक भवन निर्माण एवं नवागांवकला, गाड़ाडीह, व कोंगियाखुर्द / मांतुलगोंदी में किसान सामुदायिक भवन निर्माण तथा चोरभट्ठी में सी.सी.रोड निर्माण कार्य।	103.73	लो.नि.वि.भवन कार्य दिनांक 01.01.2015, विद्युत कार्य दिनांक 01.07.2015 एवं सड़क कार्य दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर.पर।

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्तें, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर निर्धारित तिथि तक देखे जा सकते है।

सही/-सचिव
कृषि उपज मंडी समिति बेमेतरा
जिला बेमेतरा

सही/- भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति बेमेतरा
जिला बेमेतरा

S-49083/1

छत्तीसगढ़ संवाद
(जनसम्पर्क विभाग की सहयोगी संस्था)
नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर (छ.ग.)
वेबसाइट- http://samvad.cg.nic.in / फोन नं. 0771-2512580/81

क्रमांक 2754/छगसं./क्षे.प्र./2026 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 17.09.2026

छत्तीसगढ़ राज्य एवं राज्य से होकर गुजरने वाले रेलवे इंजिन/बोगी के बाहरी वॉल एवं रेलवे बोगी की आंतरिक साइड में राज्य शासन की योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए दर निर्धारण हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रण सूचना

छत्तीसगढ़ संवाद (जनसंपर्क विभाग की सहयोगी संस्था) द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य एवं राज्य से होकर गुजरने वाले किसी भी ट्रेन (पेसेंजर/मेमू ट्रेन, मेल/एक्सप्रेस ट्रेन आदि) इंजिन/बोगी के दोनों साइड के बाहरी वॉल एवं रेलवे बोगी की आंतरिक साइड में ब्रांडिंग/विज्ञापन के दर निर्धारण हेतु निर्धारित प्रारूप में समस्त वांछित दस्तावेजों सहित पूर्ण भरे हुए निविदा ऑनलाईन माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रारूप एवं नियम शर्तों का अवलोकन छत्तीसगढ़ संवाद की वेबसाइट **http://samvad.cg.nic.in** पर किया जा सकता है। प्रारूप एवं नियम शर्तों में संशोधन होने पर संशोधन की सूचना उक्त वेबसाइट के माध्यम से दी जाएगी, पृथक से समाचार पत्रों में सूचना प्रकाशन नहीं की जाएगी। निविदा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, जमा करने एवं निविदा खोलने की तिथि निम्नानुसार है :-

निविदा प्रपत्र का शुल्क	रूपये 1,180/- (जीएसटी सहित) वापसी योग्य नहीं
अमानत राशि	रूपये 1,00,000/- (बिना ब्याज के वापसी योग्य)
प्री-बिड मीटिंग	दिनांक 25/09/2026 समय 3:30 बजे अपरान्ह **(छत्तीसगढ़ संवाद भवन के प्रथम तल में स्थित बैठक कक्ष में आयोजित होगी) (प्री-बिड सुझाव दिनांक 28.09.2026 तक जमा किया जाना है)**
निविदा में भाग लेने हेतु रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि	दिनांक 22/10/2026 समय 2:00 बजे अपरान्ह तक
ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि	दिनांक 22/10/2026 समय 3:00 बजे अपरान्ह तक
निविदा खोलने की तिथि	दिनांक 22/10/2026 समय 4:00 बजे सायं से

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
छत्तीसगढ़ संवाद नवा रायपुर अटल नगर

S-49072/2

वनडे क्रिकेट : वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर विराट-रोहित ने ठोके हैं सबसे ज्यादा रन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम और वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के बीच वनडे में लंबे समय से प्रतिस्पर्धा रही है। एक बार फिर दोनों टीमें 3 मैचों की सीरीज के लिए 27 सितंबर से आमने-सामने होंगे। दोनों टीमों के बीच हुए वनडे मुकाबलों में कई भारतीय बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किए हैं। खासतौर पर घरेलू सरजमीं पर उनका रिकॉर्ड प्रभावशाली रहा है। ऐसे में घरेलू मैदानों पर वेस्टइंडीज के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों पर नजर डाल लेते हैं।



विराट कोहली (1,265 रन)

इस सूची में पहले स्थान पर भारतीय टीम के दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली हैं। उन्होंने भारत में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला मुकाबला साल 2011 में खेला था। अब तक इस खिलाड़ी ने 23 मुकाबले खेले हैं और इसकी 23 पारियों में 63.25 की उम्दा औसत के साथ 1,265 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 5 शतक और 6 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 157 रन रहा है। कोहली 3 पारियों में नाबाद भी रहे हैं।

रोहित शर्मा (1,118 रन)

दूसरे स्थान पर भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा हैं। उन्होंने भी वेस्टइंडीज के खिलाफ घर में अपना पहला वनडे



मुकाबला साल 2011 में खेला था। इस खिलाड़ी ने 19 मैच खेले हैं और इसकी 19 पारियों में 69.87 की औसत से 1,118 रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से 3 शतक और 7 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 162 रन रहा है। इस दौरान रोहित भी 3 पारियों में नाबाद रहे हैं।

सचिन तेंदुलकर (677 रन)



तीसरे स्थान पर भारतीय टीम के पूर्व महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर हैं। उन्होंने भारत में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला वनडे मुकाबला साल 1993 में खेला था। आखिरी बार वह यहां 2011 में इस टीम के खिलाफ खेलते हुए नजर आए थे। तेंदुलकर ने 17 मुकाबले खेले थे और इसकी 17 पारियों में 45.13 की औसत से 677 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 2 शतक और 5 अर्धशतक निकले थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 105 रन रहा था।



राहुल द्रविड़ (560 रन)

इस सूची में चौथे स्थान पर भारत के पूर्व स्टार खिलाड़ी राहुल द्रविड़ हैं। वह साल 2002 से 2007 तक वेस्टइंडीज के खिलाफ भारतीय सरजमीं पर वनडे मैच खेले। इस दौरान उन्होंने 12 मुकाबलों की 11 पारियों में 70 की शानदार औसत के साथ 560 रन बनाए। उनके बल्ले से एक शतक और 5 अर्धशतक निकले। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 109 रन रहा। द्रविड़ 3 पारियों में नाबाद भी रहे।

खबर संक्षेप



मेस्सी ने इंटर मियामी के लिए सौवां गोल दागा

मियामी। लियोनेल मेस्सी ने इंटर मियामी फुटबॉल क्लब के लिये सौवां गोल दागा जिसकी मदद से टीम ने केंपियोनेस कप में क्रूज अजुल को 2-0 से मात दी। मेस्सी ने 24वें मिनट में पहला गोल किया जो 115 मैचों में उनका 100वां गोल था। केसमिरो ने 81वें मिनट में मेस्सी से मिले कॉर्नर पर दूसरा गोल दागा। पिछले पांच मैचों में ब्राजील के मिडफील्डर केसमिरो का यह चौथा गोल था। इस जीत से इंटर मियामी ने मेस्सी के आगमन के तीन साल बाद एक और ट्रॉफी अपने नाम की। इससे पहले टीम लीग्स कप 2023, स्पोर्टर्स शील्ड 2024 और एमएलएस कप 2025 जीत चुकी है।

बढ़त के बाद ईस्ट बंगाल ने अल हुसैन से खेला ड्रॉ



अम्मान। ईस्ट बंगाल ने एएफसी चैम्पियन लीग टू ग्रुप डी के पहले मैच में जोर्डन प्रो लीग चैम्पियन अल हुसैन एससी के खिलाफ दो गोल की बढत बनाने के बावजूद 2-2 से ड्रॉ खेला। आईएसएल चैम्पियन ईस्ट बंगाल हाफटाइम तक 2-0 से आगे थी। उसके लिये डेनियल रामिरेज और अनवर अली ने गोल किये लेकिन अपने घरेलू मैदान पर खेल रही अल हुसैन ने दूसरे हाफ में दो गोल करके मैच ड्रॉ करा लिया। ईस्ट बंगाल का सामना अब ईराक के अल शोर्टा एससी से 13 अक्टूबर को विवेकानंद युबा भारती क्रीडांगन पर होगा।

साइना ने किया 'खेलें साणंद उत्सव' का उद्घाटन



साणंद (गुजरात)। ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने बृहस्पतिवार को यहां 'खेलें साणंद स्पोर्ट्स उत्सव' 2026 का उद्घाटन किया। इसके साथ ही साणंद तालुका के सभी 105 गांवों में 18 दिवसीय ओलंपिक खेल अभियान की शुरुआत हुई। विजयी भारत फाउंडेशन' की 'खेलें साणंद पहल' के तहत आयोजित यह खेल उत्सव 17 सितंबर से सात अक्टूबर तक चलेगा। इसका उद्देश्य 150 से अधिक स्कूलों के 25,000 से ज्यादा विद्यार्थियों को खेलों से जोड़ना है। इसमें पांच से 17 वर्ष की आयु के लड़के और लड़कियां अंडर-8, अंडर-11, अंडर-14 और अंडर-17 वर्गों में हिस्सा लेंगे। उत्सव में कबड्डी, सॉफ्टबॉल थ्रो, बच्चों की भाला फेंक, दौड़, साइकिलिंग, खो-खो, शतरंज, स्टैंडिंग ब्रॉड जंप, बैडमिंटन, वॉलीबॉल और रस्साकशी जैसी प्रतियोगिताएं होंगी। इसके अलावा खेल प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया जाएगा।

अभिषेक बने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय

भारत ने सीरीज की क्लीन स्वीप

तीसरे टी-20 में अफगानिस्तान को 127 रन से हराया



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम ने तीसरे टी-20 मैच में अफगानिस्तान क्रिकेट टीम को 127 रन से हराते हुए सीरीज को क्लीन स्वीप किया। अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मैच में भारत ने 221/7 का स्कोर बनाया, जिसमें अभिषेक शर्मा का शतक (108) शामिल रहा। जवाब में अफगानी टीम सिर्फ 94 रन पर सिमट गई। भारत से रवि बिश्नोई और नितीश रेड्डी ने 3-3 विकेट लिए। भारतीय टीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय में दूसरा सर्वोच्च स्कोर बनाया। क्रिकबज के मुताबिक, अफगान टीम के विरुद्ध सर्वोच्च स्कोर का रिकॉर्ड आयरलैंड (225/7, 2013) के नाम पर है।

इस तरह से रोचक रहा मुकाबला : भारत से संजू सैमसन (50) और अभिषेक की सलामी जोड़ी ने 141 रन की साझेदारी की। जोरदार शुरुआत के बाद अन्य भारतीय बल्लेबाजों ने निराश किया और निरंतर आउट होते चले गए। कप्तान श्रेयस अय्यर ने 20 गेंदों में 29 रन की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानी टीम ने 47 रन तक अपने 4 विकेट गंवा दिए।



इस सूची में शामिल हुए ईशान किशन

ईशान किशन ने 8 गेंदों में 10 रन बनाए। इस बीच वह एक कैलेंडर वर्ष में 1,500+ टी-20 रन बनाने वाले चौथे भारतीय बने। उनसे पहले विराट कोहली (2016), सूर्यकुमार यादव (2022) और अभिषेक शर्मा (2025) ऐसा कर चुके हैं। बता दें कि किशन ने इस साल अब तक टी-20 मैचों में 26 पारियों में 36.08 की औसत के साथ 902 रन बनाए हैं। आईपीएल 2026 में उन्होंने 602 रन बनाए थे।

अभिषेक ने 30 गेंदों में पूरा किया शतक

अभिषेक ने पारी का दूसरा ओवर करने आए अजमातुल्लाह उमरजई के खिलाफ एक चौका और छक्का लगाते हुए आक्रामक शुरुआत की। बाएं हाथ के इस सलामी बल्लेबाज ने सिर्फ 16 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद भी उन्होंने विपक्षी गेंदबाजों की जमकर खबर लेते हुए 30 गेंदों में शतक पूरा किया। वह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बने। वह 34 गेंदों में 108 रन बनाकर आउट हुए।

अभिषेक ने रोहित शर्मा का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा

भारतीय खिलाड़ियों की बात करें तो अभिषेक से पहले सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम पर दर्ज था। पूर्व भारतीय कप्तान ने 35 गेंदों में श्रीलंका के खिलाफ शतक लगाया था। अभिषेक द्वारा लगाया गया शतक, टेस्ट खेलने वाले देश के किसी भी बल्लेबाज का सबसे तेज शतक है। विश्व क्रिकेट में सबसे तेज टी-20 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाने का रिकॉर्ड एस्टोनिया के साहिल चौहान (27 गेंद बनाम साइप्रस, 2024) के नाम पर दर्ज है।

आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

श्रीलंका के दिनुशा ने अगस्त के लिए जीता पुरस्कार



एजेंसी ▸▸ दुबई

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने अगस्त महीने के लिए श्रीलंका क्रिकेट टीम के सोनल दिनुशा को प्लेयर ऑफ द मंथ चुना है। उन्होंने पिछले महीने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज में कमाल का प्रदर्शन किया था। उन्होंने इंग्लैंड के ओली रॉबिन्सन और बांग्लादेश के हसन महमूद को पीछे छोड़ते हुए ये पुरस्कार हासिल किया। दूसरी तरफ महिलाओं के वर्ग में लुसी बार्नेट ने ये सम्मान हासिल किया।

सोनल दिनुशा ने खुशी की व्यक्त

अपनी इस नई कामयाबी के बारे में बात करते हुए दिनुशा ने कहा, यह पुरस्कार मेरे लिए बहुत मायने रखता है, खासकर मेरे करियर की शुरुआत में ही। मैं इस सम्मान के लिए आईसीसी का सचमुच आभारी हूं। भारत के खिलाफ खेली गई यह सीरीज हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगी। 3 शतक लगाना एक सपना सच होने जैसा था, और कोलंबो व गाले में अपने घरेलू दर्शकों के सामने इन्हें हासिल करने से यह और भी खास हो गया।

दिनुशा ने भारत के खिलाफ किया था कमाल

दिनुशा ने पहले टेस्ट में 100 और 84 रन के स्कोर किए थे। इसके बाद गॉल टेस्ट की अपनी पहली पारी में 103 रन और दूसरी पारी में नाबाद 133 रन बनाए थे। उन्होंने भारत के खिलाफ हुई घरेलू सीरीज में कुल 4 पारियों के 140.00 की औसत के साथ 420 रन बनाए थे। शुभमन गिल की कप्तानी में भारत ने वो सीरीज 1-0 से जीती थी। दिनुशा ने दूसरे गॉल टेस्ट को ड्रॉ कराने में अहम भूमिका निभाई थी। **दिनुशा ने बनाए थे ये रिकॉर्ड्स:** दिनुशा तीसरे ऐसे श्रीलंकाई बल्लेबाज बने थे, जिन्होंने 2 मैचों की टेस्ट सीरीज की अपनी चारों पारियों में 50+ रन बनाए थे। उनसे पहले पूर्व दिग्गज कुमार संगाकारा (बनाम बांग्लादेश, 2013 और बनाम इंग्लैंड, 2014) और दिमुथ करुणारत्ने (बनाम दक्षिण अफ्रीका, 2018) ऐसा कर चुके थे। दिनुशा भारत के खिलाफ टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले तीसरे श्रीलंकाई बने।

एशियाड महिला क्रिकेट

बांग्लादेश खेले बिना सेमीफाइनल में पाकिस्तान ने थाईलैंड को हराया



एजेंसी ▸▸ नागोया

बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम मैदान पर उतरे बिना ही एशियाई खेलों के सेमीफाइनल में पहुंच गई जबकि पाकिस्तान को थाईलैंड जैसी कमजोर टीम के खिलाफ जीत दर्ज करने में काफी पसीना बहाना पड़ा। बांग्लादेश अपनी ऊंची अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग के कारण अंतिम चार में पहुंचा जब चीन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मुकाबला बृहस्पतिवार को गीली आउटफील्ड के कारण रद्द हो गया। आइची प्रांत के खूबसूरत निशिन शहर में कारोगी स्पोर्टस पार्क में होने वाले इस टी20 मुकाबले में टॉस भी नहीं हो सका। बांग्लादेश आईसीसी टी20 रैंकिंग में 10वें और चीन 36वें स्थान पर है। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम आठ टीमों की स्पर्धा में पिछली चैम्पियन है।

पाकिस्तान को मिला था 92 रन का लक्ष्य

वहीं पाकिस्तान ने थाईलैंड से मिले 92 रन के लक्ष्य के जवाब में तीन विकेट से जीत दर्ज की। बारिश के कारण मैच कम ओवरों का कर दिया गया था। बांग्लादेश का सामना भारत और जापान के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा। यह मुकाबला शुक्रवार को होगा जबकि सेमीफाइनल 20 सितंबर को होना है। पाकिस्तान की टीम शुक्रवार को श्रीलंका और मलेशिया के बीच मुकाबले के विजेता से खेलेगी।

ऐसा रहा पाकिस्तान व थाईलैंड का मुकाबला

पाकिस्तान और थाईलैंड का मुकाबला गीली आउटफील्ड के कारण देर से शुरू हुआ और इसे घटाकर 11 ओवर प्रति टीम कर दिया गया। टॉस जीतकर गेंदबाजी करने वाली थाईलैंड की टीम ने चार विकेट पर 91 रन बनाये। उसकी विकेटकीपर और तीसरे नंबर की बल्लेबाज एन कोंचारोएनकाइ ने 38 गेंद में 49 रन बनाये ।जवाब में पाकिस्तान के लिये शावाल जुल्फिकार (25) और फातिमा सना (21) ही उल्लेखनीय पारियां खेल सकी जबकि बाकी बल्लेबाज नाकाम रहे। थाईलैंड के लिये आफ स्पिनर ओनिचा कामचोम्फू ने तीन और सुनिदा सी ने दो विकेट लिये।

एशियाई खेल में आज जापान से होगी भारतीय महिला क्रिकेट टीम की भिड़ंत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पिछले सप्ताह दुबई में रिकॉर्ड आठवीं बार महिला टी20 एशिया कप जीतने के बाद गत चैंपियन और प्रबल दावेदार भारतीय क्रिकेट टीम आज को यहां एशियाई खेलों में अपने खिताब बचाने के अभियान की शुरुआत क्वार्टरफाइनल में मेजबान जापान के खिलाफ करेगी। महिला स्पर्धा में आठ टीम हिस्सा ले रही हैं और प्रतियोगिता सीधे क्वार्टरफाइनल से शुरू होगी। इसका मतलब है कि किसी भी टीम को टूर्नामेंट में परिस्थितियों के अनुरूप ढलने के लिए ग्रुप चरण के मुकाबले नहीं मिलेंगे और एक हार अभियान को समाप्त करने के लिए काफी होगी। मैच भारतीय समयानुसार सुबह 10:30 बजे शुरू होगा।



पुरुष टीम : श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, तिलक वर्मा (उपकप्तान), नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, विप्रज निगम (अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई), रवि बिश्नोई, जसप्रीत बुमराह, यश ठाकुर, अर्शदीप सिंह और वैभव सूर्यवंशी।

महिला टीम: हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कामलिनी (विकेटकीपर), भारती फुलमाली, श्री चरणी, रेणुका ठाकुर, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, श्रेयंका पाटिल, राधा यादव, और नंदनी शर्मा।

भारत के फ्रांसीसी कोच रेबूल की नजरें लॉस एंजिलिस ओलंपिक पर

नई दिल्ली। भारत के फ्रांसीसी सर्फिंग कोच समाई रेबूल का मानना है कि एशियाई खेलों में सर्फिंग में भारत के ऐतिहासिक पदार्पण को 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के सर्वोच्च लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जाना चाहिए।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
सुंदर नगर शाखा, मेन रोड
सुंदर नगर, रायपुर, छ.ग.-492013

आम सूचना

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मेसर्स एमटूकी लॉजिस्टिक्स एंड ट्रांसपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड ने अपने स्वामित्व व आधिपत्य की संपत्ति को बंधक रखकर बैंक ऑफ़ बड़ौदा,सुंदर नगर शाखा,रायपुर से ऋण प्राप्त किया हैं। उपरोक्त संपत्ति का पूर्व विक्रय विलेख कही गुम हो गया हैं। उक्त गुमशुदा विक्रय विलेख के विवरण निम्नानुसार हैं-

आवासीय परिवर्तित भूमि से संबंधित खसरा नं.- 1159/1,1162/1, 1162/2, 1163 , क्षेत्रफल क्रमशः - 0.0986, 0.2254, 0.0878, 0.090 हेक्टेयर, कुल खसरा नं.-4, कुल क्षेत्रफल - 0.5018 हेक्टेयर, स्थित संपत्ति मौजा धनौद, प.ह.नं.- 0002, आर.आई.सी.- तोरला, तहसील- गोबरा नवापारा, जिला- रायपुर, छ.ग. हैं जो श्री अब्दुल नईम पिता अब्दुल हफिज के नाम पर हैं. सीमाएं: उत्तर- खसरा नं. 1158, दक्षिण- खसरा नं. 1163, पूर्व - खसरा नं. 1164, पश्चिम - खसरा नं. - 640 एवं 1160. **मकान दिनांक 20.10.2023, पुस्तक क्रमांक-1, पृष्ठ क्रमांक- 267 से 298, ग्रंथ क्रमांक- 76450, दस्तावेज क्रमांक- 4982.**

संबंधित संपत्ति, जो बैंक में मार्गेज थी, की हक विलेख खो गई हैं और यदि वह हक विलेख किसी को मिलती हैं, तो उसे बैंक को वापस करें। उपर्युक्त के अनुसार विज्ञापन प्रकाशित होने के पश्चात् , यदि 15 दिनों के भीतर कोई आपत्ति दर्ज नहीं की जाती , तो बैंक अपने खर्च पर संबंधित संपत्ति के संबंध में पंजीकरण प्राधिकारी से डुप्लीकेट हक विलेख प्राप्त करेगा। इस तरह से डुप्लीकेट हक विलेख प्राप्त करने के लिये जो प्रभार और शुल्क देय होगा, वह बैंक द्वारा वहन किया जायेगा।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
सुंदर नगर शाखा, मेन रोड
सुंदर नगर, रायपुर, छ.ग.-492013

आम सूचना

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती रितु त्रिपाठी पति श्री राहुल त्रिपाठी ने अपने स्वामित्व व आधिपत्य की संपत्ति को बंधक रखकर बैंक ऑफ़ बड़ौदा , सुंदर नगर शाखा , रायपुर से ऋण प्राप्त किया हैं। उपरोक्त संपत्ति का पूर्व विक्रय विलेख कही गुम हो गया हैं। उक्त गुमशुदा विक्रय विलेख के विवरण निम्नानुसार हैं-

आवासीय संपत्ति से संबंधित खसरा नं. - 130/260 (भाग), प.ह.नं.- 107, ऑनलाइन बी-1, खसरा नं.-130/260, प.ह.नं.- 51, प्लाट क्षेत्रफल - 800 वर्गफीट, राम कृष्ण परम हंस वार्ड नं.- 02, मौजा कोटा 3, आरएनएम- रायपुर-1, जिला-रायपुर, छ.ग.- 492001 हैं जो श्रीमती रितु त्रिपाठी पति श्री राहुल त्रिपाठी के नाम पर हैं. सीमाएं: उत्तर- अन्य का मकान, दक्षिण- रोड, पूर्व- रोड, पश्चिम- मकान. **मकान दिनांक 04.02.2010, पुस्तक क्रमांक- ए-1, पृष्ठ क्रमांक- 99 से 107, ग्रंथ क्रमांक - 46056, दस्तावेज क्रमांक - 4455.**

संबंधित संपत्ति, जो बैंक में मार्गेज थी, की हक विलेख खो गई हैं और यदि वह हक विलेख किसी को मिलती हैं, तो उसे बैंक को वापस करें। उपर्युक्त के अनुसार विज्ञापन प्रकाशित होने के पश्चात् , यदि 15 दिनों के भीतर कोई आपत्ति दर्ज नहीं की जाती , तो बैंक अपने खर्च पर संबंधित संपत्ति के संबंध में पंजीकरण प्राधिकारी से डुप्लीकेट हक विलेख प्राप्त करेगा। इस तरह से डुप्लीकेट हक विलेख प्राप्त करने के लिये जो प्रभार और शुल्क देय होगा, वह बैंक द्वारा वहन किया जायेगा।

इंडियन बैंक Indian Bank इलाहाबाद ALLAHABAD
इंडियन बैंक शाखा - दुर्ग गंजपारा (छत्तीसगढ़)

कब्जा नोटिस (अचल संपत्तियों हेतु)
(प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम-8(1) अंतर्गत)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी, जो कि **इंडियन बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी हैं, ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित का (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित उधारकर्ता एवं जमानतदार को डिमांड नोटिस की तिथि एवं राशि नीचे में दर्शायी गयी है , उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने जारी किया गया। उधारकर्ता द्वारा उक्त राशि चुकाने में असफल होने के कारण, एतद्द्वारा उधारकर्ता को एवं जनता को सामान्य रूप से नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त अधिकार का प्रयोग करते हुए यहां नीचे संपत्ति का कब्जा निम्नांकित दिनांक को ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और जनसामान्य को एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई लेन देन नहीं करें। निम्नलिखित संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन देन इस पर वर्णित बकाया राशि के लिये **इंडियन बैंक** के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगी। प्रतिभूत आस्ति के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है.

क्र.	उधारकर्ता व जमानतदार का नाम एवं पता	बकाया राशि	1) मांग सूचना की तिथि 2) कब्जे की तिथि	अचल संपत्तियों का विवरण
1.	उधारकर्ता- मेसर्स जैन बेंगल स्टोर्स, प्रो.- अभिषेक जैन, श्री अभिषेक जैन एवं श्री शरद जैन	रू 32,91,744/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे	(1) 29.06.2026 (2) 17.09.2026	खसरा नंबर 1054/28, 1054/30, प.ह नंबर 16, वार्ड नंबर 28, मौज़ा दुर्ग खास, पचेरी पारा, तहसील एवं ज़िला-दुर्ग, छत्तीसगढ़ में क्षेत्रफल - 546 वर्ग फ़ीट पर स्थित भूमि एवं भवन का समस्त भाग तथा अंश। सीमाएँ: उत्तर- अर्जुन साहू का मकान, दक्षिण- सड़क, पूर्व- राष्ट्रीय बैंड पार्टी का मकान, पश्चिम- गली.
2.	उधारकर्ता- श्री अभिषेक जैन एवं श्रीमती विधि जैन	रू 10,13,065/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे	(1) 29.06.2026 (2) 17.09.2026	फ़्लैट नंबर 02, चौहान ग्रीन वैली, ब्लॉक नंबर ए-15, खसरा नंबर 41/4, 41/6 एवं 41/7, प.ह नंबर 15/21, चौहान टाउन के सामने, ग्राम जुनवानी, जुनवानी वार्ड नंबर 01, तहसील एवं ज़िला-दुर्ग, छत्तीसगढ़" में क्षेत्रफल -595 वर्ग फ़ीट पर स्थित भूमि एवं भवन का समस्त भाग तथा अंश। सीमाएं :- उत्तर- ब्लॉक नंबर ए-14, दक्षिण- रास्ता एवं फ़्लैट नंबर ए-15/03, पूर्व- आसमान की ओर खुला , पश्चिम- फ़्लैट नंबर ए-15/01.

दिनांक: 18.09.2026, स्थान- दुर्ग — प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक





15 एकड़ जमीन, 180 घर, अमेरिका में बन रहा वैदिक गांव

वॉशिंगटन। अमेरिका के गांवों में रहने वाले लोग अकेलेपन से जूझते हैं। पड़ोसियों से अनजान रहते हैं, फास्ट लाइफ, अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड और पश्चिमी लाइफ स्टाइल से जुड़ी बीमारियों से परेशान हैं। ऐसे में वो भारतीय गांवों की जीवनशैली के मुताबिक जीवन जीना चाहते हैं। अमेरिका में इसी संकल्प को मूर्त रूप देने के लिए वैदिक विलेज बनाया जा रहा है। यह वैदिक विलेज अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना के विंस्टन स्लेम शहर में बनाया जाना है। 215 एकड़ की सोसाइटी होगी, जिसमें 180 घर होंगे। गांव के बीच में एक मंदिर होगा। मंदिर की आरती-शंख और घंटियों की ध्वनि से सुबह की शुरुआत होगी। अमेरिका में यह वैदिक विलेज भारतीय मूल के उद्योगपति प्रकाश बुचीरेड्डी बसा रहे हैं। बुचीरेड्डी तेलंगाना की प्रकृति की गोद में पले-बढ़े हैं। उनका कहना है कि अमेरिकी लाइफ स्टाइल को छोड़कर वो भारतीय गांवों के जैसा सुकून खोजना चाहते हैं। यह वैदिक विलेज 2028 के अंत तक बनकर तैयार हो जाएगा।

सोसाइटी की इमारतों के नाम संस्कृत में

सबसे दिलचस्प पहलू यह है कि 215 एकड़ में बस रही सोसाइटी की इमारतों के नाम संस्कृत भाषा से लिए गए हैं। 110 घर तो मार्च 2026 में ही बुक हो गए थे। हर घर के सामने खेत होगा. हरियाली, खेती और मनोरंजन के साधन मौजूद होंगे। नॉर्थ कैरोलिना के विंस्टन स्लेम में बस रही सोसयटी का पूर ग्रोजेक्ट करीब 717 करोड़ रुपए का है।



जॉर्जिया में बसेगा 'वृंदावनम'

नॉर्थ कैरोलिना के विंस्टन स्लेम शहर में वैदिक विलेज का प्रोजेक्ट सफल होने के बाद अब जॉर्जिया में वृंदावनम और टेनेसी में 'वानप्रस्थ' जैसे गांव बसाए जाने है। वानप्रस्थ गांव रिटायर्ड लोगों के लिए होगा. भारतीय संस्कृति के अनुरूप ही इसे बसाया जाएगा। इन वैदिक विलेज में लोग जमीनें खरीद रहे हैं। इन गांवों में अमेरिका के गांवों की सुविधाएं तो होंगी, लेकिन ये भारतीयता का अहसास कराएंगे। फास्ट फूड इन वैदिक गांवों में बैन होंगे। लोग मंदिरों में पूजा-पाठ करेंगे। आते-जाते लोगों से मेल-मुलाकात करेंगे. साथ में बैठकर चाय पीएंगे।

रोचक खबरें

बुजुर्ग महिला ने ब्यूटी सैलून में लुटा दी जीवनभर की कमाई!

बीजिंग। जवानी और खूबसूरती बनाए रखने का क्रेज किस हद तक जा सकता है, इसकी एक हैरान करने वाली दास्तान चीन से सामने आई है। जहां एक 75 साल की बुजुर्ग महिला ने अपनी जिंदगीभर की कमाई यानी करीब 4 करोड़ रुपए



सिर्फ ब्यूटी ट्रीटमेंट और सैलून के चक्कर में फूंक डाले। जब तक इस बात की भनक परिवार को लगी, तब तक बहुत देर हो चुकी थी।एक रिपोर्ट के अनुसार, शंघाई की रहने वाली 75 साल की 'यू'सरनेम की एक बुजुर्ग महिला को साल 2016 से एक स्थानीय सैलून और मेडिकल ब्यूटी क्लिनिक जाने की ऐसी लत लगी कि उन्होंने अपनी रिटायरमेंट की सारी सेविंग्स वहां लुटा दी। उन्होंने अपनी स्किन को टाइट रखने, थ्रेड लिफ्टिंग और मालिश जैसी कई कॉस्मेटिक प्रोसीजर पर आंख मूंदकर पैसे खर्च किए। मामला तब खुला जब उनकी बेटी ने घर में पड़े बिल और ट्रीटमेंट के कागजातों की फाइल खंगाली, जिसके बाद पैरों तले जमीन खिसक गई। इस हैरान करने वाले मामले का सबसे बड़ा पहलू यह है कि उस ब्यूटी सैलून ने बुजुर्ग महिला के भोलेपन का जमकर फायदा उठाया। बिलिंग रिकॉर्ड के मुताबिक, सैलून ने सामान्य बाजार दरों से 10 से 20 गुना ज्यादा कीमतें वसूलीं। सिर्फ एक बार के लिप टैटू सेशन के लिए महिला से 39,800 युआन (करीब 5.7 लाख रुपए) वसूले गए, जो कि आम कीमत से कई गुना ज्यादा था।

चीन की जासूस रोबोटोक मछली समंदर में चुपचाप करेगी निगरानी

बीजिंग। चीन ने मछली की तरह दिखने वाला रोबोट बनाया है। यह पानी के भीतर अपने आप तैर सकता है। यह ड्रैगन के बायोमिमेटक रोबोटिक सिस्टम के बढ़ते विकास को दर्शाता है। इनका इस्तेमाल पानी के नीचे निगरानी के



लिए किया जा सकता है। यह रोबोट देखने में बिल्कुल असली मछली की तरह है, जिसका नाम फुलडेप्थ है। कंपनी ने इस मछली रोबोट को अंडरवॉटर दूर से संचालित वाहन बताया है। देखने में यह रोबोटिक मछली असल में जिंदा अरोवाना यानी ड्रैगन फिश की तरह लगती है। दरअसल, अरोवाना एक महंगी और एक्वेरियम में रखने व काफी देखभाल करने वाली मछली होती है। इस रोबोटिक मछली की लंबाई 69 सेंटीमीटर और ऊंचाई 20 सेंटीमीटर है। इसका वजन 3.8 किलोग्राम है। रोबोटिक मछली का पूरा शरीर मुलायम और लचीला है। इस मछली को सिलिकॉन से तैयार किया गया है। इसमें इंटीग्रटेड मोल्डिंग और मैटेलिक कोटिंग की गई है।

आंसू की बूंद जैसा दिखता है बंगाराम आइलैंड पानी में रात को चमकते हैं नीले 'तारे'

नई दिल्ली। इंडियन ट्रैवल फिल्ममेकर कनिष्क गुप्ता ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर 52 सेकंड का एक ऐसा वीडियो शेयर किया है, जिसे देखकर आप मालदीव भूल जाएंगे। यह वीडियो 'आंसू की बूंद' जैसे दिखने वाले लक्षद्वीप के बंगाराम आइलैंड का है। कनिष्क बताते हैं कि यहां समंदर का



पानी इतना साफ है कि ऊपर तैरती नावों की परछाई सीधे पानी के तल पर नजर आती है। सफेद रेत और नीले लैगून के किनारे टहलते हुए ऐसा लगता है मानो आप किसी सपने की दुनिया में आ गए हों। चूंकि इस आइलैंड पर कोई आम आबादी नहीं रहती, इसलिए इसकी प्राकृतिक खूबसूरती आज भी बिल्कुल बेदाग और अछूती है। कनिष्क का कहना है कि दिन में कांच की तरह चमकने वाला बंगाराम का समंदर, रात होते ही किसी जादुई दुनिया में बदल जाता है। सूरज ढलते ही यहां के पानी में 'बायोलुमिनेसेंस' का खेल शुरू हो जाता है। जैसे ही लहरें किनारे से टकराती हैं या पानी में कोई हलचल होती है, तो 'डिनोफ्लैगलेट्स' नाम के सूक्ष्म समुद्री जीव सेल्फ-डिफेंस में अपने शरीर से नीली रोशनी पैदा करते हैं। जब आप इसे हाथों से उठाते हैं तो बिल्कुल ऐसा लगता है जैसे आपकी हथेलियों पर नीले रंग के छोटे-छोटे तारे टिमटिमा रहे हों।

क्यों नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़? नई स्टडी में हुआ चौंकाने वाला खुलासा

काठमांडु। नेपाल में अगस्त 2026 आखिरी में आई विनाशकारी बाढ़ ने भारी तबाही मचाई थी। लैंगटांग लिरंग पर्वत पर करीब दो वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैली चट्टानी दीवार और ग्लेशियर का एक बड़ा हिस्सा अचानक भरभराकर ढह गया, जिसके कारण तेजी से मलबे वाली बाढ़ आ गई। इससे निचले इलाके में भारी तबाही मची। इस भयानक हादसे में 1400 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि हजारों लोग अभी भी लापता है। विश्व मौसम एट्रिब्यूशन समूह के वैज्ञानिकों ने गुरुवार को जानकारी दी कि जलवायु परिवर्तन की इस आपदा में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

आखिर क्या हुआ था?

26 अगस्त को लैंगटांग लिरंग पहाड़ के उत्तर में लगभग 5150 मीटर ऊंचाई पर चट्टान की दीवार और ऊपर ग्लेशियर ढह गया। घाटी में लाखों टन चट्टान और बर्फ गिरी। टक्कर इतनी भयानक थी कि यूएस जियोलॉजिकल सर्वे ने इसे 5.2 मैग्नीट्यूड के भूकंप के बराबर ऊर्जा वाला कहा था। पहले लोगों को लगा कि भूकंप है, लेकिन बाद में जानकारी सामने आई कि इसके ढहने से भूकंपीय संकेत पैदा हुए। नदी में मलबा गिरने से अस्थाई बांध बन गया और फिर टूट गया। इससे विनाशकारी बाढ़, जो औसतन 188 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से नीचे आई। बाढ़ में नेपाल और तिब्बत के कई इलाकों में घर, सड़कें और बिजली संयंत्र तबाह हो गए।



कैसे जलवायु परिवर्तन ने की मदद

विश्व मौसम एट्रिब्यूशन के अध्ययन के मुताबिक, अगस्त में हिमालय इलाके का औसत तापमान सामान्य से करीब 5 डिग्री सेल्सियस अधिक था। जुलाई और अगस्त रिकॉर्ड में सबसे अधिक गर्म रहे हैं। बीते अक्टूबर-नवंबर में असामान्य बर्फबारी हुई थी। तापमान बढ़ने पर बर्फ पिघली और ज्यादा पानी बना। इसने दबाव को बढ़ा दिया। साल 2000 से हर वर्ष करीब आधा मीटर ग्लेशियर पतले हो रहे हैं, जिससे तनाव बढ़ा और पर्माफ्रॉस्ट पिघलने से चट्टान की दीवार कमजोर हो गई।

कैसे आई विनाशकारी बाढ़?

इस बाढ़ के लिए प्राकृतिक और इंसान दोने जिम्मेदार हैं। गर्म तापमान से चट्टानें कमजोर होती हैं। इससे लंबे समय तक की स्थिरता कम होती है। इसके अलावा दरारों में भरी बर्फ पिघलती है, तो जोड़ने की शक्ति कम होती है और दरारें खुलने लगती हैं। ग्लेशियर की बर्फ कम होने पर चट्टान की दीवार को मिलने वाला सहारा हट जाता और तनाव का क्षेत्र बदल जाता है। ज्यादा बर्फ पिघलने पर पानी दरारों में घुसता है, जिससे छिद्र दबाव बढ़ता है और घर्षण कम होता है। ज्यादा बारिश होने पर ग्लेशियर और चट्टान की दीवार में पानी की मात्रा बढ़ जाती है। इससे छिद्र दबाव बढ़ाती है और संभावित रूप से विफलता को ट्रिगर कर सकती है।

नासा का सबसे ताकतवर टेलीस्कोप एक्टिव 300 एमपी की 'आंख' से करेगा निगरानी

वॉशिंगटन। नासा ने 300 मेगापिक्सल के सुपर टेलीस्कोप को स्पेस में एक्टिव कर दिया है। पृथ्वी से 15 लाख किमी दूर स्थित यह बहुत ही शक्तिशाली कैमरा डार्क मैटर और दूसरे ग्रहों से जुड़े राज से पर्दा उठा सकता है। नासा ने अपने अब तक के सबसे एडवांस्ड और ताकतवर स्पेस टेलीस्कोप की 300 मेगापिक्सल वाली विशाल आंखें अंतरिक्ष में खोल दी हैं. यह सिर्फ एक कैमरा नहीं है, बल्कि ब्रह्मांड के इतिहास, डार्क मैटर, डार्क एनर्जी और दूसरे ग्रहों पर जीवन की तलाश का एक ऐसा जरिया है जो विज्ञान की दुनिया में तहलका मचाने वाला है।

अंतरिक्ष के छिपे राज आएंगे सामने

नासा के नैंसी ग्रेस रोमन स्पेस टेलीस्कोप ने स्पेस की ओर अपनी 300 मेगापिक्सल वाली विशाल आंख खोल दी है। नासा ने इसके प्राइमरी साइंस इंस्ट्रूमेंट यानी वाइड फील्ड इंस्ट्रूमेंट को सफलतापूर्वक एक्टिव कर दिया है। यह एक विशाल इंफ्रारेड कैमरा है और रोमन टेलीस्कोप का वैज्ञानिक उपकरण है। इसके जरिए वैज्ञानिक अंतरिक्ष के बहुत बडे हिस्से पर रिसर्च कर सकेंगे। इस बीच इंजीनियरों ने इसके दूसरे जरूरी हिस्से कोरोनाग्राफ की भी शुरुआती जांच पूरी कर ली है। यह उपकरण दूसरे तारों के आसपास मौजूद ग्रहों की तस्वीर लेने में मदद करेगा।



करीब 15 लाख किलोमीटर दूर पहुंचेगा रोमन

रोमन टेलीस्कोप इस समय करीब तीन महीने की यात्रा पर है। इसे सूर्य और पृथ्वी के बीच मौजूद दूसरे सन-अर्थ लैग्रेंज पॉइंट यानी L2 तक पहुंचना है। यह जगह पृथ्वी से करीब 15 लाख किलोमीटर दूर है। यहां से टेलीस्कोप को अंतरिक्ष का काफी साफ और बिना रुकावट वाला नजारा मिल सकेगा।

क्यों खास है रोमन टेलीस्कोप?

इस टेलीस्कोप का वाइड फील्ड कैमरा एक ही बार में चांद के आकार से भी बड़े हिस्से की तस्वीर ले सकता है। यह टेलीस्कोप हबल स्पेस टेलीस्कोप की तुलना में कम से कम 100 गुना बड़े क्षेत्र को कवर करेगा और आसमान का सर्वे उससे 1,000 गुना ज्यादा तेजी से कर पाएगा। यह इंफ्रारेड लाइट की मदद से डार्क एनर्जी, डार्क मैटर और आकाशगंगाओं के बनने की प्रक्रिया का रिसर्च करेगा। साथ ही, हमारे सौर मंडल के बाहर नए ग्रहों की खोज में भी मदद करेगा।

2027 की शुरुआत में तस्वीरें मिलने की उम्मीद

नासा के मुताबिक, इस टेलीस्कोप की पहली वैज्ञानिक तस्वीरें साल 2027 की शुरुआत में मिलने की उम्मीद है। फिलहाल अगले कुछ महीनों तक इसकी कैलिब्रेशन और टेस्टिंग का काम चलेगा, जिसके बाद यह ब्रह्मांड के कई अनसुने रहस्यों से पर्दा उठाना शुरू करेगा. तो अगर आप भी अंतरिक्ष की दुनिया, तारों, आकाशगंगाओं और दूसरे ग्रहों पर एलियन लाइफ या नई दुनिया की खोज में दिलचस्पी रखते हैं, तो नासा के इस प्रयास से सामने आने वाली तस्वीरें आपको हैरान कर सकती हैं।

5 हजार साल पुरानी कांस्य थाली आज भी करती है कमाल?

बाड़मेर। राजस्थान के बाड़मेर में 5000 साल पुरानी कांस्य थाली पद्धति से हाथ-पैरों के दर्द और थकान का अचूक इलाज हो रहा है। बाड़मेर के अंकित कुमार तांबा, जिंक और टिन से बनी थाली व प्राकृतिक तेल का इस्तेमाल कर पैरों की मालिश करते हैं। 10 मिनट की इस मालिश में एक्यूप्रेशर तकनीक का उपयोग होता है, जिससे ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। यह मालिश शरीर के विषैले तत्वों को बाहर निकालकर डिटॉक्स करती है, जिससे बिना किसी दवाई के दर्द से तुरंत राहत मिल रही है। भारत-पाकिस्तान सीमा पर स्थित राजस्थान के बाड़मेर जिले में इन दिनों एक बेहद प्राचीन और अनोखी प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। हजारों साल पुरानी यह तकनीक बिना किसी अंग्रेजी दवाई के लोगों के हाथ-पैरों के दर्द और थकान को छूमंतर कर रही है।

बाड़मेर में 10 मिनट की इस मालिश की खूब चर्चा



क्या है कांस्य थाली पद्धति

इस प्राचीन पद्धति में इस्तेमाल होने वाली थाली विशेष रूप से तांबा, जिंक और टिन के खास मिश्रण से बनाई जाती है। मालिश की प्रक्रिया भी बेहद अनोखी है। इस तकनीक में मरीज के पैरों के तलवों पर अच्छी तरह से सरसों का तेल, तिल का तेल या फिर शुद्ध देसी घी लगाया जाता है। इसके बाद पैरों को कांस्य की थाली पर रखा जाता है। एक विशेष मशीन की मदद से थाली को घुमाया जाता है। स्विच चालू करते ही थाली घूमनी शुरू हो जाती है और पैरों के तलवों की विशेष तरीके से मालिश होती है।

3 साल की बच्ची ने वो कर दिखाया, जिसे करने में लोगों की बीत जाती है उम्र

वॉशिंगटन। अमेरिका में रहने वाली 3 साल की बच्ची ने दुनिया के सभी डिज्नी थीम पार्क घूमकर नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया है। 14 सितंबर को गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने खुद अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट्स से यह जानकारी शेयर करते हुए इसकी पुष्टि की है। पोस्ट के मुताबिक, इस अनोखे रिकॉर्ड को बनाते वक्त बूट्सी डैरिंगटन की उम्र महज 3 साल और 139 दिन थी।



पेरिस में मिला गिनीज सम्मान

डिज्नीलैंड पेरिस की रतातुई थीम वाली खूबसूरत गलियों से होते हुए इस सफर का अंत एक शानदार जश्न के साथ हुआ। वहां गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के अधिकारी विलियम सिंडेन मौजूद थे, जिन्होंने आधिकारिक तौर पर बूट्सी को सबसे कम उम्र की चैंपियन घोषित किया। बूट्सी की मां जेस ने खुशी जताते हुए कहा कि अपनी बेटी को सभी 12 पार्क्स का अनुभव करते और अपने भाई के साथ प्यारी यादें बनाते देखना उनके लिए सबसे खास पल था। वहीं, अधिकारी विलियम ने भी इस पल को शानदार बताते हुए उम्मीद जताई कि यह परिवार अपने इस मजेदार एडवेंचर को हमेशा एक सुनहरी याद की तरह संजो कर रखेगा।

जापान से शुरू हुआ सफर पेरिस में मिली मंजिल

गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की वेबसाइट से मिली जानकारी के मुताबिक, बूट्सी ने अपने एडवेंचर की शुरुआत मार्च 2024 में की थी। उस वक्त उनकी उम्र मात्र 11 महीने ही थी। तब उन्होंने अपना पहला पार्क जापान का डिज्नी सी टोक्यो घूमा था। वहां से शुरू होकर यह सफर 3 महाद्वीपों और 4 अलग-अलग देशों से गुजरा। कैलिफोर्निया और फ्लोरिडा के फेमस पार्क्स में खूब मस्ती करने के बाद, उनका यह वर्ल्ड रिकॉर्ड वाला टूर फ्रांस के डिज्नीलैंड पेरिस में जाकर पूरा हुआ।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com